डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः विक्रम वेधा एक्टर विजय का ट्रांसफॉर्मेशन देख हैरान हुए फैंस

वर्ष -08 अंक -243 प्रयागराज शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव के बाद बोलसोनारो समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प

**ब्रासिलिया।** ब्राजील में हुए राष्ट्रपति चुनाव में वामपंथी नेता लूला डी सिल्वा ने जाएर बोलसोनारो को हरा दिया है। चुनाव में लूला को 50.9 फीसदी वोट मिले हैं, जबकि बोलसोनारो को 48 फीसदी ही वोट मिले। लेकिन बोलसोनारो ने अब तक हार स्वीकार नहीं की है और ना ही लूला को बधाई दी



है। उनके समर्थन में बड़ी तादाद में लोग सड़कों पर उतकर मामले में सैन्य हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। बता दें कि ब्राजील के निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने दक्षिणपंथी जायर बोलसोनारो पर मंगलवार को हिंसा भड़काने का आरोप लगाया, जिसके एक दिन बाद बोलसोनारो समर्थक प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में आग लगा दी, पुलिस से भिड़ गए और उनके मुख्यालय पर हमला करने की भी कोशिश की।ब्राजील की शीर्ष चुनावी अदालत ने लूला को अक्टूबर में हुए चुनावों के विजेता के रूप में आधिकारिक तौर पर विजयी घोषित किया। जिसके बाद सोमवार की हिंसा ने राजधानी ब्रासीलिया को हिलाकर रख दिया। लूला ने एक समाचार सम्मेलन में कहा, निवर्तमान राष्ट्रपति ने अभी भी अपनी हार को स्वीकार नहीं किया है और सड़क पर विरोध कर रहे इन फासीवादी कार्यकर्ताओं को उकसा रहे हैं। कट्टर दक्षिणपंथी माने जाने वाले बोलसोनारो के समर्थक भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए। चुनाव के नतीजों से गुस्साए बोलसोनारो के समर्थकों ने देशभर में सड़कों को ब्लॉक कर कर दिया है।

## असम पुलिस ने 14 करोड़ की कीमत के मादक पदार्थ को किया जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गुवाहाटी (असम)।** असम के गुवाहाटी में पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी। जब पुलिस ने एक एंबुलेंस से 14 करोड़ की है। 14 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार ज्वाइंट सीपी पार्थ सारथी महंत ने बताया कि मादक पदार्थ की कीमत बाजार में करीब 14 करोड़ रुपये है। उन्होंने अलावा पुलिस ने तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस को एक ट्रक से 30,000 याबा गोलियां और दूसरे ट्रक से 757.15 ग्राम हेरोइन बरामद की



रुपये से अधिक के मादक पदार्थ को जब्त किया है। ज्वाइंट सीपी पार्थ सारथी महंत ने बताया कि पुलिस को इस बारे में सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने देर रात एंबुलेंस की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने एंबुलेंस से 50,000 याबा टैबलेट, 200 ग्राम हेरोइन बरामद कहा कि पुलिस ने एंबुलेंस के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मिराजौल इस्लाम के रूप में हुई है।इससे पहले असम के कार्बी आंगलोंग जिला में पुलिस ने दो ट्रकों से सात करोड़ रुपये की प्रतिबंधित दवा जब्त की थी। इसके थी। बता दें कि दिसंबर महीने की शुरूआत में पुलिस ने करीमगंज जिले के असम-त्रिपुरा सीमा के पास से 400 किलो गांजा जब्त किया था। जिसकी कीमत 40 लाख रुपये आंकी गई थी। साथ ही पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया था।

## भारत को मिला अमेरिका का साथ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चालबाज चीन को उसकी चालाकी का एक बार फिर माकूल जवाब मिला है। इस बार अरुणाचल प्रदेश (र्ल्हैर्म्ति ईप्) के तवांग सेक्टर में भारतीय सेना एक बार फिर चीन को पटखनी दी है। 9 दिसंबर को तवांग के यांग्त्से में करीब 300 चीनी सैनिकों ने एलएसी पर भारतीय पोस्ट हटाने की कोशिश की थी जिके बाद भारत और चीन के सैनिकों के बीच आमने-सामने का संघर्ष हुआ। इस दौरान हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 30 सैनिक घायल हुए। घायलों में ज्यादा संख्या चीनी सैनिकों की बताई जा रही है। एलएसी पर हुई इस झड़प के तुरंत बाद भारत और चीन के तवांग सेक्टर के सैन्य कमांडरों के बीच सीमा पर शांति बहाली के लिए फ्लैग मीटिंग भी हुई। तो चलिए आपको बताते हैं कि इस घटनाक्रम में अब तक क्या-क्या हुआ है।अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांगत्से में 9 दिसंबर को चीनी सेना के करीब 200 सैनिकों ने घुसपैठ की। भारतीय जवानों ने चीनी सेना के जवानों को रोका जिसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। चीनी सैनिकों ने तार लिपटे कंटीले बेसबॉल बैट से हमला किया, जिसका भारतीय जवानों ने जवाब दिया। दोनों तरफ से सैनिक घायल हुए हैं। भारतीय सेना ने 6 जवानों के घायल होने



की जानकारी दी। चीनी सेना ने अपने सैनिकों के घायल होने की ऑफिशियल पुष्टि नहीं की।भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हाथापाई के बाद तय मैकेनिज्म के तहत दोनों देशों के एरिया कमांडरों के बीच फ्लैग मीटिंग हुई। तवांग सेक्टर में दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई बीते 24 महीनों में पहला गंभीर मामला है. यांग्त्से के करीब पिछले साल अक्टूबर में भी भारत और चीनी सैनिक आपस में भिड़ गए थे। वो मामूली भिड़ंत थी जिसे दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों ने बातचीत से सुलझा लिया था। इसके बाद इस तरह की जानकारी भी सामने आई कि, चीनी सेना ने तवांग सेक्टर में अपने ड्रोन विमानों के जरिए भारतीय सेना की टोह लेने की कोशिश की थी। ये घटना भी 9 दिसंबर को चीनी सेना की घुसपैठ से पहले हुई थी। हालांकि, भारतीय फाइटर विमानों ने जवाब देते हुए ड्रोन्स कोखदेड़ दिया था। तवांग सेक्टर में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि, ये 1962 का भारत नहीं है। अगर किसी ने सीमा में घुसने की कोशिश की तो करारा जवाब मिलेगा। हमारी वीर भारतीय सेना ईंट का जवाब पत्थर नहीं लोहे से दे रही है। संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चीनी सेना ने तवांग सेक्टर में घुसपैठ के जरिए यथास्थिति बदलने की कोशिश की, इसका भारतीय जवानों ने करारा जवाब देते हुए उन्हें वापस खदेड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस झड़प में दोनों तरफ के सैनिक घायल हुए हैं, लेकिन किसी भी भारतीय जवान को कोई गंभीर चोट नहीं लगी और ना ही किसी की शहादत हुई है। चीनी सैनिकों की घुसपैठ को लेकर भारत के बयान पर चीन ने भी प्रतिक्रिया दी। चीन के विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि, 'भारत से लगी सरहद पर हालात स्थिर हैं।' अरुणाचल प्रदेश में थ्ैंण् पर हालात कंट्रोल में हैं। बयान में चीन की ओर से अपने सैनिकों के घायल होने की कोई जानकारी नहीं दी गई। मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत के साथ सैन्य और डिप्लोमेटिक लेवल पर वार्ता चल रही है। तवांग में चीनी घुसपैठ को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साध।

## सोशल मीडिया के जरिए आतंक फैलाने की क्षमता पहले से कहीं ज्यादाः केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री (एमओएस) नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि भारत में आतंकवाद की समस्या



काफी हद तक सीमा पार से प्रायोजित है। वैश्विक आतंकवादी समूह और भारत के प्रति शत्रुता रखने वाली कुछ विदेशी एजेंसियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंटरनेट आदि के माध्यम से लोगों को कट्टरपंथी बनाने और आतंकवाद फैलाने का प्रयास कर रही हैं। नित्यानंद राय ने कहा कि साइबरस्पेस आभासी, सीमा रहित है। सीमा रहित साइबरस्पेस के साथ त्वरित संचार और गुमनामी की संभावना के साथ, सोशल मीडिया के उपयोग के माध्यम से आतंक के प्रसार की संभावना पहले से कहीं अधिक है, जो संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखती हैं और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई करती हैं। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत सरकार, सोशल मीडिया खातों सहित गैरकानूनी और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन सामग्री को ब्लॉक करती है।

## कर्नाटक में पिता की हत्या कर शव के किए 30 टुकड़े, डाला खुले बोरवेल में

**बागलकोट।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में एक व्यक्ति ने अपने पिता की हत्या कर दी और उनके शव के 30 टुकड़े कर खुले बोरवेल में डाल दिया। पुलिस ने



मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि 50 वर्षीय परशुराम कुलाली हर दिन नशे की हालत में घर आता था और अपने बेटे विट्ठल (20) की पिटाई करता था। 6 दिसंबर को, परशुराम ने विट्ठल के साथ बहस की, जिसके बाद गुस्से में आकर विट्ठल ने उसे लोहे की रॉड से मार डाला। फिर विट्ठल ने परशुराम के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर बोरवेल में डाल दिया। बोरवेल से दुर्गन्ध आने के बाद, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया जिसने विट्ठल से उनकी भूमिका पर संदेह करते हुए पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बोरवेल से निकाले गए शव के टुकड़े पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें विट्ठल शुरू में शव को खेत में गाड़ने की योजना बनाई, लेकिन पकड़े जाने के डर से उसने उसके टुकड़े करने का फैसला किया और उन्हें पास के एक खाली पड़े बोरवेल में फेंक दिया। यह घटना तब सामने आई जब कुलाली के परिवार द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने विट्ठल से पूछताछ की।

## शिंदे के साथ सत्ता विवाद मामले को 7 न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजने की मांग करेगा उद्धव गुट

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे गुट महाराष्ट्र में सत्ता के लिए एकनाथ शिंदे गुट के साथ सुप्रीम कोर्ट में





चल रहे कानूनी विवाद की सुनवाई सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजे जाने की मांग करेगा। मंगलवार को उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वह सबसे पहले सदस्यों की अयोग्यता के मामले में स्पीकर की शक्तियों के नाबाम रेबिया फैसले को पुनर्विचार के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजे जाने पर बहस करेंगे। सिब्बल ने कहा कि नाबाम रेबिया का फैसला पुनर्विचार के लिए सात न्यायाधीशों को भेजे जाने का मुद्दा भी इस मामले में एक विचारणीय प्रश्न है इसलिए उनकी बहस सबसे पहले इसी पर होगी। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई कर रही पीठ ने सिब्बल और दूसरे पक्ष एकनाथ शिंदे के वकीलों से कहा कि वे इस मुद्दे पर अपनी लिखित दलीलों का संक्षिप्त नोट कोर्ट में दाखिल करें। कोर्ट मामले पर 10 जनवरी को विचार करेगा। बता दें कि 2016 में नाबाम रेबिया केस में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला दिया था जिसमें कहा था कि अगर पहले से स्पीकर को हटाने के की मांग का नोटिस और निर्णय सदन में लंबित है तो उस दौरान स्पीकर विधायक की अयोग्यता के मुद्दे पर कार्यवाही नहीं कर सकता। महाराष्ट्र के मामले में एकनाथ शिंदे की याचिका में नाबाम रेबिया के इसी फैसले को आधार बनाते हुए उद्धव गुट के सत्ता में रहने के दौरान डिप्टी स्पीकर द्वारा उन्हें (एकनाथ शिंदे को) भेजे गए अयोग्यता नोटिस और उस पर आगे की कार्यवाही को चुनौती दी गई है।

## सड़क हादसों में मुफ्त इलाज की विस्तृत योजना पर काम शुरू, हाईवे के करीब ट्रामा केयर सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों के मुफ्त इलाज की दिशा में केंद्र सरकार ने पहल तेज कर दी है। मोटर वाहन कानून में 2019 में संशोधन के उपरांत किए से चुनिंदा हाईवे पर गोल्डन आवर के दौरान इस तरह की योजना को लागू करने के लिए काम किया जा रहा था। हाल में नीति आयोग ने इमरजेंसी ट्रामा चिकित्सा से संबंधित सभी योजनाओं और शुरू की थी। इसमें हादसे के पहले 48 घंटे में पीड़ितों का अस्पताल में भर्ती होना और उन्हें तात्कालिक मदद कवर की गई थी। मंत्रालय की ओर से लोकसभा में यह जानकारी दी गई है कि सभी राजमार्गों के समीप



गए प्रविधान के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास ट्रामा सेंटरों की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं और निशुल्क चिकित्सा का लाभ सभी को देने की कोशिश की जा रही है। सरकार सड़क हादसों में आपात चिकित्सा से संबंधित सभी तरह की योजनाओं के एक तरह से एकीकरण की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की हाईवे के समीप निशुल्क चिकित्सा योजना की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी नीति आयोग ने ली है। मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक काफी समय प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी खुद संभाल ली है। उम्मीद की जा रही है कि उसके द्वारा तैयार मसौदे को जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी मिल जाएगी। सड़क हादसों में गोल्डन आवर यानी पहला घंटा सबसे अहम माना जाता है, क्योंकि इस अवधि में किसी घायल को अगर चिकित्सा सुविधा मिल जाती है तो उसकी जान बचने की संभावना 90 प्रतिशत बढ़ जाती है। मंत्रालय ने इस साल की शुरुआत में ड्राइवरों, यात्रियों, पैदल चलने वालों और साइक्लिस्टों के लिए चार हाईवे में कैशलेस चिकित्सा के लिए योजना ट्रामा केयर सुविधाएं शुरू की जा रही हैं ताकि सड़क हादसों के शिकार लोगों को तात्कालिक मदद दी जा सके। बता दें कि इसका दायरा बढ़ाने के लिए ही नीति आयोग एक विस्तृत योजना तैयार कर रहा है, जिसमें सभी तरह की आपात चिकित्सा सुविधाएं शामिल होंगी। मंत्रालय हाईवे पर 118 साइड एमेनिटीज भी विकसित कर रहा है, जो अन्य सुविधाओं के साथ चिकित्सा के केंद्र भी होंगे। इन सुविधा केंद्रों के लिए जमीन खरीद ली गई है और स्वास्थ्य मंत्रालय की मदद से इनमें चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## तमिलनाडु के राज्यपाल रवि ने उदयनिधि स्टालिन को दिलाई मंत्री पद की शपथ पिता एम के स्टालिन भी रहे मौजूद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने बुधवार को अ्श्ख् विधायक और पार्टी की युवा शाखा के सचिव उदयनिधि स्टालिन को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस दौरान शपथ समारोह में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन भी मौजूद रहे। तमिलनाडुः अ्श्ख् की युवा शाखा के सचिव और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में राजभवन में राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। सोमवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में राजभवन ने कहा था कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने



तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि को चेपक-थिरुवल्लिकेनी विधानसभा क्षेत्र के उदयनिधि स्टालिन को मंत्री परिषद में शामिल करने की सिफारिश की है। राज्यपाल ने सिफारिश को मंजूरी दे दी थी। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों की उपस्थिति में, उदयनिधि को राजभवन में आयोजित एक साधारण समारोह में रवि द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बता दें, उदयनिधि स्टालिन डीएमके यूथ विंग के सचिव हैं। पिता की तरह सफेद शर्ट पहने उदयनिधि ने तमिल भाषा में मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह 10 मिनट में खत्म हो गया।

## सिटी सेंटर में सुबह-सुबह हुआ विस्फोट, आपातकालीन सेवाएं भेजी गईं- कीव मेयर

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी शहर कीव में बुधवार तड़के धमाकों की तेज आवाज सुनी गई। रॉयटर्स ने बताया, हालांकि, धमाकों की तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने जानकारी दी कि शहर के मध्य शेवचेनकिवस्की जिले में बुधवार तड़के विस्फोट हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपातकालीन सेवाओं के नक्शे में दिखाया गया है कि धमाकों से करीब 20 मिनट पहले राजधानी और उसके आस-पास के क्षेत्र में हवाई हमले के सायरन की चेतावनी दी गई थी। कीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने कहा कि शहर के मध्य शेवचेनकिवस्की जिले में बुधवार तड़के विस्फोट हुए। क्लिट्सको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, आपातकालीन सेवाएं भेजी गईं हैं। अधिक जानकारी की प्रतिक्षा है।



## विधानसभा ही नहीं निकाय चुनाव की तैयारियों में भी जुटी भाजपा


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** गुजरात की ऐतिहासिक जीत और हिमाचल की फिसलन को पीछे छोड़ भाजपा कर्नाटक और त्रिपुरा विधानसभा तथा उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत दो अन्य राज्यों के प्रभारियों और टीमों के साथ अलग अलग चर्चा कर अपनी अपेक्षाएं सामने रख दी। हर राज्य को टास्क दे दिया गया है और ताकीद किया गया है कि तैयारियों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अगले साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। अगले दो तीन महीनों में ही उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव भी है। भाजपा किसी भी स्तर पर तार ढीला नहीं छोड़ना चाहती है। सुबह उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी और अन्य नेताओं के साथ प्रदेश पर चर्चा की। हाल ही में भाजपा रामपुर विधानसभा उपचुनाव जीती है लेकिन खतौली और मैनपुरी लोकसभा सपा के खाते में गया। उसकी समीक्षा के साथ ही नड्डा ने निकाय चुनाव को पूरी तैयारी के साथ लड़ने का निर्देश दिया। बाद में दो अन्य राज्यों की समीक्षा बैठक में भी वही फार्मूला होगा जो उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के लिए है। बताते हैं कि उन्होंने अभी से उम्मीदवारों की सूची तैयार करने को कहा है। उम्मीदवार वही होंगे जिन की क्षेत्र में पहचान और लोकप्रियता हो। घर घर संपर्क के अभियान को सघन बनाने का उन्होंने पहले ही निर्देश दिया है। नड्डा ने इसकी पूरी निगरानी करने को कहा है। बताया जाता है कि नड्डा ने स्पष्ट किया कि कोई भी काम आखिरी वक्त के लिए न छोड़ा जाए। बूथ की ग्रेडिंग का काम भी जल्द होना चाहिए और कमजोर बूथ पर सक्रिय लोग लगाए जाने चाहिए। साथ ही यह स्पष्ट किया कि कोई भी पदाधिकारी बिना जिम्मेदारी के न रहें।

# कर्नलगंज में बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की फिल्म

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** असकी शूटिंग के दौरान सोमवार को हंगामा हो गया। प्रतियोगी छात्र बालाजी ने स्कूटर से टक्कर लगने पर मारपीट का आरोप लगाया। उधर प्रोडक्शन मैनेजर ने भी शूटिंग में व्यवधान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है। अल्लापुर निवासी शशांक श्रीवास्तव एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें राजपाल यादव अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए अभिनेता व अन्य क्रू मेंबर सोमवार दोपहर एक बजे के करीब बैंक रोड चौराहे पर पहुंचे। जिस सीन को शूट किया जाना था, उसमें अभिनेता को एक स्कूटर चलाना था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चलाने के दौरान ही क्लच वायर टूट गया, जिससे स्कूटर अनियंत्रित हो कर पास ही खड़े एक ई रिक्शे से जा टकराया। इससे बगल में खड़े प्रतियोगी छात्र बालाजी को भी चोट आई। इसी बात को लेकर हंगामा हो गया। बालाजी का आरोप है कि स्कूटर टकराने पर राजपाल यादव ने गालीगलौज की और उनके बाउंसरों ने उसे पीट दिया। सूचना पर कर्नलगंज पुलिस पहुंची और स्कूटर को थाने ले गई। उधर, मौके पर जुटे छात्रों ने साथी के समर्थन में यह मांग रखी कि अभिनेता खुद माफी मांगें। इंकार करने पर थाने पहुंचकर तहरीर दी। उधर, प्रोडक्शन मैनेजर शशांक की ओर से भी थाने में तहरीर दी गई। इसमें बताया गया कि कुछ लोग मना करने पर भी शूटिंग में व्यवधान डाल रहे थे। शूटिंग के दौरान मोबाइल से रिकॉर्डिंग कर रहे थे। मना करने पर अभद्रता की। मामले में इंस्पेक्टर कर्नलगंज राममोहन राय ने बताया कि अभिनेता व क्रू से बात की गई, तो उन्होंने आरोपों को गलत बताया। कहा कि वह छात्र को जानते तक नहीं हैं, ऐसे में विवाद का सवाल ही नहीं उठता। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।



# नवाबगंज हत्याकांड में 2 आरोपी गिरफ्तार 6 आरोपी फरार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** नवाबगंज में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में गोली लगने से दो अन्य घायल हो गए हैं। इस मामले में पुलिस ने अभी तक की जांच के बाद 8 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। गांव में तनाव व्याप्त होने के कारण पुलिस तैनात कर दी गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। फिलहाल अभी तक केवल दो आरोपियों नन्हें व मोहम्मद सामून को पुलिस गिरफ्तार कर सकी है। तहसीन अहमद ने मो सामून, उसके बेटे मोनू, मो. सारिफ, उसके तीनों भाई मो. आतिब, छोटे, अन्नू और रिश्तेदार निसार व सारिफ के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।



# मुख्तार के खिलाफ बी वारंट जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** माफिया मुख्तार अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय बांदा जेल से कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी की है। ईडी अब कई मुद्दों पर फिर से अंसारी से पूछताछ करेगी। प्रयागराज की एमपी/एमएलए कोर्ट ने अंसारी का बी वारंट जारी किया है। आगामी 15 दिसंबर को अंसारी को ईडी कोर्ट में पेश करेगी। इस दौरान ईडी 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग करेगी।बता दें कि ईडी ने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी और उनके साले आतिफ रजा उर्फ शर्जील से कस्टडी रिमांड लेकर पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि मुख्तार अंसारी से पूछताछ के बाद उनके बयान और बेटे अब्बास अंसारी, आतिफ रजा के बयानों को क्रॉस चेक करेगी। बांदा जेल से लाकर प्रयागराज की जिला अदालत में उन्हें पेश करने की तैयारी है। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को 15 दिसंबर को पेश करने का आदेश दिया है।



# बिना अनुमति नहीं होंगी क्रिसमस व नव वर्ष की पार्टियां, प्रशासन ने जारी किए निर्देश



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** संगम नगरी में क्रिसमस और नए साल के जश्न और पार्टियां बिना जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति के नहीं होंगी। होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, ऑडोटोरियम, क्लब या आयोजन स्थलों में सामूहिक गतिविधि व समारोह के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना अनुमति पार्टी करने वाले होटलों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त, राज्य कर अरविंद वर्मा ने बताया है कि होटलों में इस तरह के आयोजन उत्तर प्रदेश चलचित्र विनियमन संसोधन अधिनियम 2017 के तहत आते हैं। जिसके लिए जिला मजिस्ट्रेट की आयोजन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर 20 हजार रुपए जुर्माना अथवा छः माह की कैद या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। उन्होंने नव वर्ष की पूर्व सन्ध्या पर होने वाले कार्यक्रम के लिए 20 दिसम्बर से पहले आवेदन करने के लिए कहा है।

# खाक चौक के संतों को जमीन आंवटन शुरू

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** माघ मेला 2023 के लिए खाकचौक व्यवस्था समिति को जमीन आवंटित की जा रही है। खाकचौक के लिए जमीन आवंटन भूमि आवंटन के साथ ही भूमि पूजन भी किया जाएगा। जिससे शिविर लगाने का काम जल्द शुरू हो सके। भूमि आवंटन प्रभारी एसडीएम रेनू सिंह और उनकी टीम मेला क्षेत्र में



का दो दिन रखा गया है। भूमि आवंटन से पहले व्यवस्था समिति के साधु संतों के साथ हुई है। व्यवस्था समिति के 303 मुकामधारियों की भीड़ मेला क्षेत्र के संगम लोअर मार्ग पर जुटी है। जुट गई है। खाकचौक व्यवस्था समिति के प्रधानमंत्री महामंडलेश्वर संतोषदास 'सतुआ बाबा' ने बताया कि जमीन मिलने के बाद गुरुवार से ही शिविर लगाने का काम तेज कर दिया जाएगा।

# प्रकाश हॉस्पिटल सील, बिना योग्य डाक्टर के अस्पताल व बिन रजिस्ट्रेशन के पैथालॉजी चल रहा था

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** स्वास्थ विभाग ने मानक के विपरीत चल रहे प्रकाश हॉस्पिटल को सोमवार सील कर दिया है। इससे पहले अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया था लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नही आया। करछना के गधियांव में संचालित प्रकाश हास्पिटल का तीन सदस्यीय दल ने 30 नवंबर को निरीक्षण किया था। जांच कमेटी को अस्पताल में टीम ने पाया कि अस्पताल का पंजीकरण 10 अस्पताल का कराया गया है लेकिन उसमें 25 बेड रखकर संचालक ने विभाग को गुमराह करने का प्रयास किया है। इसी तरह अस्पताल के अंदर प्रकाश पैथालॉजी भी संचालित किया जा रहा है। जबकि पैथालॉजी गलत तरीके से चलाया जा रहा है, क्योंकि उसका रजिस्ट्रेशन हुआ ही नहीं है। अस्पताल में एक्सरे मशीन भी पाई गई। टीम यह देख के भौचक्की रह गई की अस्पताल में डिलीवरी के लिए महिलाएं भर्ती थीं। लेकिन प्रसव कराने के साधन और मानक योग्य चिकित्सक नहीं थे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार की नेतृत्व में निरीक्षण करने पहुंची टीम ने जब अस्पताल के संचालक विजय बाबू से रजिस्ट्रेशन संबंधित कागजात मांगे तो संचालक एक भी कागज नहीं दिखा सका। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी योगी डाक्टर उपलब्ध नहीं थे।



# सेंट जोसफ कालेज बना उत्तर प्रदेश चैंपियन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** जिला शतरंज स्पोर्ट एसोसिएशन कौशाम्बी द्वारा मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशाम्बी मे आयोजित 16 वी उत्तरप्रदेश फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप मे लगभग 30 जिलों के 118 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे स्कूल इवेंट मे प्रयागराज के सेंट जोसफ कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ स्कूल टीम मे यश सक्सेना, हसनैन सिद्दीकी, हसन जावेद, ज़ैन अब्दुल्लाह, शालीन गर्ग, जयकांत तिवारी, याशार्थ सिंह एवं यादवेंद्र शामिल थे इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल फादर थॉमस कुमार ने बच्चों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी स्कूल के स्पोर्ट्स हेड शबी रफीक सर, चेस कोच गौरव गर्ग, अज़हर उस्मानी सर डैनी सर, पूनम मैम ने बच्चों को दिशा निर्देशित किया।



# कैंपस ड्राइव में शुआट्स के 36 छात्रों का चयन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नैनी, प्रयागराज।** सैंम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड काउन्सेलिंग डा0 देवराज बड्गू ने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में 7 कम्पनियों नरमदा अर्मित फूड प्रा0 लि0, कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, क्रापिन टेक्नोलोजी सोल्यूसन प्रा0 लि0, पैरामिड कन्सल्टिंग, इन्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क, डावो इवटेक प्रा0 लि0, जे0के0 सीमेन्ट आदि कम्पनियों ने प्लेसमेन्ट का आयोजन किया। जिसमे नरमदा अर्मित फूड प्रा0 लि0 में बी0एस0सी डेरिंग, आई डी0डी0-डी0टी0, बी0एस0सी0 फूड के 11 छात्रो, कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 में बी0एस0सी एनीमल हसबैन्ड्री एण्ड डेरिंग, आई0डी0डी0-डी0टी0, बी0एस0सी0 फूड और एम0एस0सी डीटी के 09, क्रापिन टेक्नोलोजी सोल्यूसन प्रा0 लि0 में बी0एस0सी एग्रीकल्चर के 01, पैरामिड कन्सल्टिंग में बीटेक कम्प्यूटर सांइस के 01, इन्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क में बीटेक फूड इन्जीनियरिंग के 02, डावो इवटेक प्रा0 लि0 में बीटेक कम्प्यूटर सांइस और बीटेक इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग के 04 और जे0के0 सीमेन्ट में बीटेक सिविल इन्जीनियरिंग के 08 छात्रों का चयन हुआ इन सातों कम्पनियों में कुल 36 छात्रों का चयन हुआ। निदेशक डा0 देवराज बड्गू, और उनकी टीम ने चयनित सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। प्रति कुलपति प्रो0 (डा0द्ध आईआर. जोनाथन ए0 लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।




# खाद्य सचल दल ने किया प्रतिष्ठानों का निरीक्षण,03 नमूने संग्रहीत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के आदेश के अनुपालन में जनपद में विक्रय किये जा रहे मिलावटी दूध एवं दूध उत्पादों पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल द्वारा जनपद स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौखड़ पूरेअन्ती स्थित खाद्य कारोबारकर्ता संजय यादव पुत्र समर बहादुर यादव की डेयरी से गाय के दूध का एक नमूना, कपासी अन्तू स्थित सुशील यादव पुत्र राम दयाल यादव की डेयरी से मिश्रित दूध का एक नमूना एवं किशुनगंज अन्तू स्थित महेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र मुरली वर्मा की किसान दूध डेयरी से मिश्रित दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल तीन नमूनों संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला को प्रेषित किये जा रहे है।विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। बिना अनुज्ञप्ति/पंजीकरण के खाद्य पदार्थो का विक्रय करना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 63 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। बिना अनुज्ञप्ति/पंजीकरण के खाद्य कारोबार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित मोबाईल प्रयोगशाला (एफ0एस0डब्लू) द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर 2022 एवं 17 दिसम्बर 2022 को जनपद में मौके पर ही खाद्य पदार्थो यथा दूध एवं दूध उत्पाद, मसालें, दाले एवं विभिन्न प्रकार की मिठाईयों की जाँच की जायेगी। यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता/आमजनमानस खाद्य पदार्थो में मिलावट की जांच कराना चाहते है तो कार्यालय खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ से सम्पर्क कर निःशुल्क जाँच करा सकते हैं।

# अपर जिला जज/सचिव ने किया बाल एवं शिशु गृह का निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में शुकुलपुर स्थित बाबा रामउदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु एवं बालगृह का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण करते हुए नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज एफ0टी0सी0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिशु गृह में रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह के बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। उनके द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में वर्तमान समय में कुल 15 बच्चे है जिसमें 09 लड़की व 06 लड़के है जिनमें 02 बच्चे आदित्य व अंकित मंद बुद्धि के है, आदित्य की उम्र 10 वर्ष व अंकित की उम्र 08 वर्ष बतायी गयी। शिशु गृह में सबसे छोटा बच्चा 17 दिन का है जिसका नाम शास्वत बताया गया। शिशृ गृह में 0 से 01 वर्ष के बीच कुल 08 बच्चे है। इस अवसर पर अपर जिला जज द्वारा शिशु एवं बालगृह के बाल कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर कराये जाये और बच्चों के शिक्षा ग्रहण करने की भी समुचित व्यवस्था करायी जाय।निरीक्षण के समय कार्यालय में कुल 07 कर्मचारी उपस्थित रहे। शिशु एवं बालगृह के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में कुल 15 कर्मचारियों का स्टाफ है, अधीक्षिक सहित अन्य कर्मचारी अवकाश पर है जो दिन में तीन पालियों में ड्यूटी देते है।इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी, बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।





# मुख्तार अंसारी की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट में हुई पेशी रिमांड पर फैसला सुरक्षित



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ।** बाहुबली और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने कस्टडी पर फिलहाल फैसला सुरक्षित रखा है। इससे पहले मुख्तार को सुबह बांदा जेल से प्रयागराज की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया। प्रयागराज में मुख्तार की पेशी के मद्देनजर कोर्ट की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रयागराज में ईडी से जुड़े मामलों की सुनवाई जिला जज करते हैं प्रवर्तन निदेशालय मनी लांड्रिंग केस में पूछताछ करने के लिए मुख्तार को अपनी कस्टडी में लेना चाहता है। मनी लांड्रिंग केस में मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी और साले सरजील रजा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है-रामाश्रय पाण्डेय मंडल रेल प्रबंधक

## प्रशासन ने यांत्रिक विभाग को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के अधिकारी क्लब में स्थित बैडमिंटन हॉल पर आज बुधवार को प्रातः अंतर विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय के द्वारा किया गया।अंतर विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घघाटन मैच प्रशासन और यांत्रिक विभाग के बीच खेला गया जिसमें प्रशासन ने 21- 11, 21 -4 एवं 14 -21 21-4 और 21-13 से यांत्रिक को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस दौरान मण्डल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक एहम हिस्सा है।यह हमारे शारीरिक एवम् मानसिक दोनो ही विकास का श्रोत है।यह हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण मे सहायक है,वही दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास मे लाभकारी है। इस क्रम में दूसरा मैच कार्मिक एवं परिचालन विभाग के बिच खेला गया जिसमें कार्मिक विभाग ने परिचालन को 21-15, 21-14 तथा 21-9, 21-12 से हराकर, इसी क्रम में तीसरे मैच में रेलवे सुरक्षा बल ने वाणिज्य विभाग को 21-5, 21-14 एवं 21-8, 21-16 से हराकर तथा चौथे मैच में इंजीनियरिंग विभाग ने इलेक्ट्रिकल विभाग को 21-2, 21-6 एवं 21-8, 21-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता के अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएन.एच.एम) अलोक केशरवानी,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एण्ड वैगन ) सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2 सत्यम सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, आशुतोष शुक्ला,मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा एवं सहायक कार्मिक अधिकारी आनन्द कुमार समेत सभी टीमों के खिलाड़ी तथा भारी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आज पहला सेमीफाइनल प्रशासन और कार्मिक विभाग के बीच तथा दूसरा सेमीफाइनल रेलवे सुरक्षा बल और इंजीनियरिंग विभाग के बीच खेला जाएगा। अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी दी इस प्रतियोगिता खेल की जानकारी।




# सेमिनार मे ऊर्जा संरक्षण प्रमाण पत्र के साथ मेडल से नवाजे गए रेल विभाग के अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के आर्य भट्ट हॉल में बुधवार को ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित सेमिनार में पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने रेलवे पर चलाये जा रहे ऊर्जा संरक्षण के साथ ही भारतीय रेल द्वारा प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेमिनार को सम्बोधित करते हुये पंकज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय रेल पर कुल रेल नेटवर्क का 80 प्रतिशत से ज्यादा तथा पूर्वोत्तर रेलवे पर लगभग 90 प्रतिशत रेल मार्गो का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। और अगले वर्ष के अन्त तक बड़ी लाइन के शत- प्रतिशत रेल मार्गो का विद्युती करण पूरा कर लिया जायेगा। विद्युतीकरण के फलस्वरूप आयातित डीजल खपत एवं कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आयी है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर सभी एल.एच.बी. रेकों को हेड ऑन जेनरेशन प्रणाली से युक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त आई.सी.एफ.कोचों से चलाई जा रही दो जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में भी इसका प्रावधान कर दिया गया है। थ्री फेज लोकोमोटिव में रिजनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे ऊर्जा बचत में काफी मदद मिल रही है। भारतीय रेल के प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे के 06 स्टेशनों को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने हेतु चिन्हित किया गया है।जिसमें गोरखपुर गोण्डा,गोमतीनगर, लखनऊ जं0 छपरा एवं काठगोदाम सम्मिलित है।गोरखपुर, छपरा एवं गोण्डा स्टेशन के पुनर्विकास हेतु तकनीकी एवं वित्तीय उपयोगिता के अध्ययन हेतु कन्सलटेन्ट नियुक्त किया गया है, जो स्टेशन की मास्टर प्लानिंग,आर्किटेक्चरल डिजाइनिंग के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसके आधार पर आगे का कार्य किया जायेगा। गोमतीनगर एवं लखनऊ जं. एवं लखनऊ चारबाग तथा काठगोदाम स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य रेल लैण्ड डेवलपमेन्ट अथारिटी द्वारा किया जा रहा है। स्टेशनों का पुनर्विकास भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्टेशन को सिटी सेन्टर के रूप में विकसित करना है जो कि नगर के दोनों हिस्सों को आपस में जोड़ने का कार्य करेगा। इसके अन्तर्गत स्टेशन का फेस अपलिफ्ट करने के साथ ही इसमें स्थानीय सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के रूप की झलक भी होगी। इसमें स्टेशन के ऐतिहासिक भवन को भी संरक्षित रखा जायेगा। नगर के दोनों हिस्सों को जोड़ने के लिए आकर्षक द्वितीय द्वार का भी निर्माण किया जायेगा। स्टेशन पर रूफ प्लाजा एवं बेहतर एप्रोच कनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा। इसके अतिरिक्त स्टेशन के पुनर्विकास के अन्तर्गत जनआकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए वाणिज्यिक गतिविविधियों को बढ़ावा देने के क्रम में शापिंग काम्प्लेक्स, होटल, पार्किग आदि जैसी उच्चस्तरीय एवं आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जायेगा।इस अवसर पर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,गोरखपुर के यांत्रिक विभाग के विभागाध्यक्ष,छात्र-छात्रायें, शिक्षक,इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के गोरखपुर चैप्टर के चेयरमैन,सचिव,मालवीया एल्यूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।




# सभी चिकित्सा इकायों पर 15 दिसम्बर को होगा नि:क्षय दिवस आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बताया है कि दिनांक 15 दिसम्बर को प्रथम निःक्षय दिवस का आयोजन किया जाएगा।सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (एचडब्लूसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा।राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा ने बताया है कि प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद की सभी चिकित्सा इकाईयों पर हर माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि इस विशेष आयोजन के दौरान क्षय रोग के लक्षण की जानकारी के साथ-साथ ओ0पी0डी0 का 10 प्रतिशत रेफरल किया जायेगा एवं उनके नमूने (बलगम) की जांच की जायेगी। बलगम धनात्मक पाये जाने पर उनका इलाज शुरू किया जायेगा, इसके साथ आशा कार्यकत्रियों द्वारा स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सम्भावित रोगियों की जांच की जायेगी। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के साथ ही निःक्षय पोषण योजना की जानकारी भी दी जायेगी एवं मरीजों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि (रूपये 500 प्रतिमाह) स्थानान्तरित किये जाने हेतु उनसे बैंक खाता की जानकारी भी ली जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।




# खाद्यान्न वितरण की तिथि १९ दिसम्बर तक बढ़ायी गयी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 05.12.2022 से आवश्यक वस्तुओं का वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ रूपये 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल रूपये 03 प्रति किग्रा0 की दर से) वितरण कराया जा रहा है, वितरण की अन्तिम तिथि 14.12.2022 निर्धारित है। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रोन्जेक्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न का निर्गमन न हो पाने के कारण खाद्यायुक्त द्वारा उपरोक्त आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य दिनांक 15.12.2022 से 19.12.2022 तक विस्तारित किया गया है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 14.12.2022 के साथ दिनांक 19.12.2022 को भी उपलब्ध रहेगी।



# गाजीपुर में ग्राम प्रधान ने की शर्मनाक हरकत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक गांव के प्रधान ने प्रेमी जोड़े से उनका ही थूक चटवाया और उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद प्रधान ने दोनों की शादी करवा दी। वहीं घटना का वीडियो वायरल होने पर क्षेत्रवासियों में आक्रोश पनप गया। मामले को लेकर समाजसेवी सोनू सिंह ने एसपी से शिकायत की तो पुलिस ने ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है।




# फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** काजीपुर स्थित फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सामाजिक संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शुआट्स के प्रति कुलपति प्रो0 डॉ0 एस0 बी0 लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्कूल की प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि नैनी का यह विद्यालय, छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ सदाचार, उनका सर्वांगीर्ण विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र - छात्राओं ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि द्वारा विश्व के कुछ प्रसिद्ध वैज्ञानिको के बारे में भी विस्तार से बताया गया , जिससे छात्र - छात्रांए उन वैज्ञानिको को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें । इस अवसर पर छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पारंपरिक वस्त्रों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्र-छात्राओं द्वारा वेलकम डांस, ड्रिल कलर, ड्रिल जुम्बा , सन फ्लावर , जिंगल बेल, यूनिटी इन डाइवरसीटी समेत कई शानदार प्रस्तुतियाँ की गयीं । नाटक मंचन द्वारा बेटी बचाओ तथा पेड़ बचाओ के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि रेव्ह0 लालचुंगनुंग गंटे ने प्रार्थना कर सभी को अनुग्रहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या डॉ0 श्रीमती रजनी सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य श्री बेन्जमिन पी0 थामस ने किया।



# पीयूष गोयल करेंगे टेक्सटाइल कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** केंद्रीय वस्त्र एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल दो दिवसीय टेक्सटाइल कान्क्लेव का शुभारंभ आज करेंगे। वस्त्र उत्पादकों के सम्मेलन के चार सत्रों में शामिल होने के बाद 2.30 बजे केंद्रीय मंत्री नमो घाट के लिए रवाना होंगे। वहां से जलयान से ही काशी विश्वनाथ धाम जाएंगे। जलयान से ही संत रविदास घाट तक की यात्रा के दौरान उद्यमियों, निर्यातकों व अन्य संबंधित से वार्तालाप करेंगे। शाम सात बजे बीएचयू जाएंगे और काशी तमिल संगमम से जुड़े सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल होंगे। यहां भी वस्त्र उद्यमियों निर्यातकों से मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री गोयल 15 दिसंबर को सुबह सात से नौ बजे तक कालभैरव मंदिर व काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद टीएफसी में उद्यमियों के बीच सम्मेलन में होंगे। काशी-तमिल संगमम् में बुधवार व गुरुवार को वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में हथकरघा व हस्तशिल्प की बात होगी। बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल संकुल में वाराणसी-तमिलनाडु के वस्त्र उद्यमियों के बीच टेक्सटाइल कान्क्लेव होगा। इसमें सिल्क व जूट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस दौरान उत्पादकों द्वारा लाइव डिमांडस्ट्रेशन भी किया जाएगा। आयोजन में सुबह 11.30 बजे से गुरु-शिष्य संवाद खास होगा। इसमें मास्टर वीवर अपनी अनुभव व विशेषज्ञता को साझा करेंगे। यूपी व तमिलनाडु के परिप्रेक्ष्य में टेक्सटाइल क्लस्टर की उपादेयता पर भी चर्चा होगी। अगले दिन गुरुवार सुबह 10 बजे टेक्सटाइल संवाद में यूपी व तमिलनाडु के उद्यमी व व्यापारी विचार मंथन करेंगे। दोपहर 12 बजे से टेक्सटाइल इंडस्ट्री का विजन 2047 सत्र होगा। समर्थ योजना की समीक्षा के साथ ही टेक्सटाइल एडवाइडरी ग्रुप की बैठक भी होगी। गृहमंत्री अमित शाह 16 दिसंबर को तमिल संगमम् के समापन समारोह में भाग लेंगे। प्रोटोकाल के मुताबिक गृहमंत्री शाम सवा चार बजे एयरपोर्ट आएंगे। तमिल संगमम् के समापन समारोह में भाग लेने के बाद शाम 7.30 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।



100% Placement
सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
15% Fee Concession
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# कलश यात्रा के साथ कल से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पुराण का होगा शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में कल दिनांक 15 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ कलश एवं निशान यात्रा के साथ होगा। यह शोभा यात्रा प्रातः 10:00 बजे से आर्य समाज मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। और शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा का पाठ अयोध्या से पधारी प्रसिद्ध प्रवचन कर्ता श्री विष्णु प्रिया शास्त्री जी द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व सौरभ कुमार भारद्वाज द्वारा किया जाएगा। और आयोजित इस सात दिवसीय कथा के मुख्य यजमान जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष रतनलाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी होंगी। उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक नरेंद्र गर्ग ने देते हुए बताया कि 7 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन के पाठ के अनुसार झांकी भी सजाई जाएगी। ?उन्होंने नगर वासियों से भक्तिमय अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और पुण्य के भागी बने।

# दो किग्रा 170 ग्राम नाजायज गाजे के साथ किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-96/2022 धारा 8/20 ऽझ्एँ ू व धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त मोतीलाल जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल, निवासी ग्राम चौधरना थाना अधौरा, जनपद कैमूर बिहार उम्र लगभग 38 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर तेनुआ टाडिया मोड के पास से मो0सा0 पैशन प्रो वाहन संख्या ँ45व्9825 की डिग्गी में 02 किलो 170 ग्राम नजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना रायपुर पर मु0अ0स0 116/



2022 धारा 8/20 ऽझ्एँ ू का अभियोग पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** 1. मोतीलाल जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल, निवासी ग्राम चौधरना थाना अधौरा, जनपद कैमूर बिहार उम्र लगभग 38 वर्ष । **बरामदगी का विवरण-** 1.अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 01 किग्रा 170 ग्राम नजायज गांजा बरामद । 2.एक अदद मो0सा0 पैशन प्रो वाहन संख्या ँ45व्9825 बरामद । **गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2. उ0नि0 शशिकान्त राय, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 3. मुख्य आरक्षी धनंजय चौधरी, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 4.आरक्षी विपिन य़ादव, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र ।

# ओबरा तहसील के लिए वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** ओबरा में तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर चल रही सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा




की हड़ताल का समर्थन करते हुए बुधवार को वकीलों ने राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते हुए कार्य का बहिष्कार किया। जिसकी वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी परेशान रहे। सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा के अधिवक्ताओं द्वारा ओबरा में तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर 45 दिन से भी अधिक का समय हड़ताल पर रहते गुजर गया, किंतु प्रशासन की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से सोनभद्र बार एसोसिएशन को ओबरा तहसील की जायज मांग का समर्थन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन शीघ्र समस्या का त्वरित निस्तारण नहीं करता तो अगली रणनीति बनाई जाएगी। इसी प्रकार से अन्य अधिवक्ताओं ने भी बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में एसबीए के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, महामंत्री चर्न्दपाल शुक्ला, दिनेश दत्त पाठक आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# नक्सल संचरण गतिविधियों की रोकथाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार व क्षेत्रधिकारी के नेतृत्व में नक्सल संचरण गतिविधियों की रोकथाम हेतु बुधवार को हाथीनाला थाना अंतर्गत ग्राम बेलहत्थी व जोगीडीह के जंगलों में पर्याप्त पुलिस पीएससी बल के साथ हाथीनाला थानाध्यक्ष ने जंगलों में सघन कांबिंग करते हुए जंगल में मिले चरवाहों आदि से नक्सल गतिविधियों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी किया गया। के जंगलों में सघन काम्बिंग की गई।हाथीनाला थाना प्रभारी रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र के जंगल में पीएसी बल के साथ जंगलों में नक्सल विरोधी गतिविधियों की रोकथाम हेतु सघन कांबिंग की गई और जंगल में मिले व्यक्तियों, लकड़ी बीनने वाले तथा वन रक्षकों एवं जानवर चराने वालों से नक्सली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई, साथ ही गांव मे किसी अंजान लोगो के रहने या आने जाने पर नजर रखकर संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल थाने को सूचना दे।



# कोई भी मतदाता एक से अधिक उम्मीदवार का प्रस्तावक नहीं होगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।**जिला पंचायत सभागार में बुधवार को नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग आफिसर व सहायक रिटर्निंग अफसरों की




तैनाती कर प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवप्रताप शुक्ल ने नामांकन पत्रों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि कोई भी मतदाता एक से अधिक प्रत्याशी का प्रस्तावक नहीं बन सकेगा। उन्होंने कहा कि एक उम्मीदवार अधिकतम चार नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की आयु 30 वर्ष व सदस्य की 21 वर्ष निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता एक से अधिक उम्मीदवार का प्रस्तावक नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदेशों व निर्देशों के अनुसार संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराने का दायित्व रिटर्निंग अफसर का है। इसके लिये आवश्यक है कि सभी आदेशों व निर्देशों व रिटर्निंग अफसर भलीभांति अध्ययन कर लें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के अंतर्गत नगर पालिका मिर्जापुर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की बिक्री, नामांकन पत्रों का दाखिला, नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी व प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट एवं तहसील में होगी। इसी तरह से नगर पालिका परिषद चुनार व अहरौरा के अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए तहसील चुनार एवं नगर पंचायत कछवां के अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए सारी प्रक्रिया तहसील अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट में की जाएगी। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चंद्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, न्यायिक चुनार विजय नारायण सिंह, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ, सभी रिटर्निंग अफसर/सहायक रिटर्निंग अफसर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# दोषी डकैत लरमी को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** 25 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद जेल में बितायी अवधि सजा



में होगी समाहित साढ़े 36 वर्ष पूर्व वर्ष 1986 में हुई डकैती का मामला साढ़े 36 वर्ष पूर्व हुई डकैती के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्ज्मा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी डकैत लरमी को 10 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं एक अन्य आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के दुहा गांव निवासी युगल किशोर चतुर्वेदी ने एक मार्च 1986 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 7:30 बजे उसके बड़े पिता नर्मदेश्वर प्रसाद चौबे के घर में 12 से 15 की संख्या में डकैत जो हाथ में लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी, टार्च आदि से लैस थे जो डकैती डाल रहे थे। गांव वाले इकट्ठा होकर ललकार रहे थे। उस समय वह अपनी पाही पर था तभी विजय शंकर यादव दौड़ता हुआ उसके पास आया और बताया कि बड़े पिता के घर में डकैती पड़ी है। इसकी जानकारी होते ही तुरंत मोटरसाइकिल से विजय शंकर यादव को साथ लेकर म्योरपुर चौकी गया और तहरीर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में म्योरपुर थाना क्षेत्र के लोहबन्द गांव निवासी डकैत लरमी पुत्र विश्वनाथ समेत दो के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी डकैत लरमी को 10 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं दूसरे आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने की।

# यूपीएस मऊकला में स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद सोनभद्र के तत्वाधान में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊकला में



दिनांक 12 दिसंबर से 14 दिसंबर 2022 तक प्रथम सोपान का प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ. जिसमें 35 छात्र तथा 39 छात्राएं कुल 74 बच्चे प्रतिभाग किये. बतौर प्रशिक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ब्लाक स्काउट मास्टर नगवा ने बताया कि अनिवार्य बालचर योजना के अंतर्गत बच्चों को स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिसके मुख्य संरक्षक हरिवंश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र एवं संरक्षक प्रेम शंकर राम खंड शिक्षा अधिकारी नगवा हैं. सहयोगी प्रशिक्षक के रूप में राजकुमार मौर्य एवं रमेश कुमार तैनात रहे. मुख्य अतिथि के रूप में बुल्लुर मौर्य ग्राम प्रधान मऊकला ने बताया कि स्काउटिंग से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है. विशिष्ट अतिथि जय प्रसाद चौरसिया ने कहा कि स्काउटिंग से जीवन जीने की एक बेहतर कला सीखने को मिलती है. तीन दिवसीय प्रशिक्षण में स्काउट गाइड प्रार्थना झंडा गीत प्रतिज्ञा नियम हाइक के साथ स्काउटिंग की विभिन्न जानकारी दी गई, बच्चों को बिना बर्तन के भोजन बनाना विषम परिस्थिति में अपने को तैयार रखना, टेंट लगाना और विभिन्न प्रकार की गांठ बांधना बताया गया. कार्यक्रम के संयोजक प्रभु नारायण सिंह प्रधानाध्यापक ने प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की. सहसंयोजक के रूप में बुद्धि राम सहायक अध्यापक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे चलाया गया जागरूकता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** शासन द्वारा चलाए जा रहे महिला एवं बच्चों के हिंसा से सम्बंधित अपराधो के विषय मे, मानव तस्करी एवं बाल श्रम तथा



एक युद्ध नशे के विरुद्ध के संबंध में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश के क्रम मे जिला बाल संरक्षण इकाई एवं थाना एएचटीयू जनपद सोनभद्र द्वारा पन्नूगंज थाना अंतर्गत चतरा ब्लॉक के मेन मार्केट, कस्बा रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चतरा आदि जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान में बालिकाओं को एवं महिलाओं को महिला अपराधों से किस प्रकार बचाव करना है एवं अपराध घटित होने पर क्या-क्या कार्यवाही की जाती है , आदि के बारे में बताया गया। साथ आज कल सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से भी अवगत कराया गया। महिला अपराधों के संबंध में शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन/ गाइडलाइन /महिला हेल्प डेस्क आदि के बारे में जानकारी दी गई संबंधित स्थानों पर शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान बाल श्रम ठएक युद्ध नशे के विरुद्धठ मानव तस्करी से संबंधित अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।अभियान में थाना एएचटीयू जनपद सोनभद्र से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव यादव आरक्षी धनंजय यादव , अमन द्विवेदी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ0 आर0 डब्लू शेषमणि दुबे , वीणा राव आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार किशोर की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।**चुनार थाना क्षेत्र के चुरमरवा गांव में मोड़ के पास बुधवार की शाम गैस सिलिंडर लदे ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन व ग्रामीणों ने प्लांट के पास पहुंचकर आरोपी पर कार्रवाई करने तथा मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस के आश्वासन पर लोग शांत हुए। क्षेत्र के धौहां गांव निवासी दिनेश उर्फ बृजेश मजदूरी करते हैं। उनसे दो पुत्र और एक पुत्री हैं। छोटा पुत्र 11 वर्षीय आर्यन उर्फ भोलू शाम को साइकिल चला रहा था। वह




साइकिल लेकर घर से कुछ दूर चुरमरवा मोड़ के पास खड़ा था। वहां पास में एक कंपनी का प्लांट है। खाली गैस सिलिंडर लेकर ट्रक प्लांट की ओर जा रहा था। मोड़ पर ट्रक मोड़ते समय किशोर उसकी चपेट में आ गया। इससे वह घायल हो गया परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# पॉक्सो एक्टः चार दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**सात वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते

**-प्रत्येक पर 10 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद**
**- जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी**
**- अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी**
**- सात वर्ष पूर्व 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए छेड़छाड़ का मामला**

हुए दोषसिद्ध पाकर चार दोषियों प्रदीप कुमार, विक्की कुमार उर्फ विकास, चंदन कुमार तिवारी व अमित सिंह को 3-3 वर्ष की कैद एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के पिता ने 20 अक्तूबर 2015 को शक्तिनगर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग बेटी कक्षा 10 की छात्रा है। 17 अगस्त 2015 को जब स्कूल से छुट्टी हुई तभी उसकी नाबालिग बेटी को बोलेरो गाड़ी में जबरन बैठाने एवं अपहरण का प्रयास चार लड़कों द्वारा किया गया। तब तक शिक्षक लोग आ गए तो सभी भाग गए। चारो लड़के प्रदीप कुमार पुत्र बबुआ राम, विक्की कुमार उर्फ विकास पुत्र स्वर्गीय नानक प्रसाद भारती, चंदन कुमार तिवारी पुत्र उमाशंकर तिवारी व अमित सिंह पुत्र सुरेंद्र प्रताप सिंह शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एनसीएल खड़िया परियोजना कालोनी के रहने वाले हैं। पूरा प्रकरण विद्यालय के रजिस्टर में दर्ज है। जब भी बेटी घर से बाहर निकलती तो चारो लड़के उसके साथ छेड़छाड़ करने लगते थे। बलात्कार करने की भी धमकी भी दी जाती है। जिसकी वजह से बेटी स्कूल जाना बंद कर दिया है। इस तहरीर पर शक्तिनगर पुलिस ने छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चार दोषियों प्रदीप कुमार, विक्की कुमार उर्फ विकास, चंदन कुमार तिवारी व अमित सिंह को 3-3 वर्ष की कैद एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# झारखंड से बघाडू आ रहे कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में घायल महिला की मृत्यु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** दुद्धी सोनभद्र हनुमंता झारखंड से अपने घर बोलताकरम बघाडू दुद्धी आ रहे बाइक चालक उमेश कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष सवार पत्नी बेबी देवी उम्र 30 वर्ष




साथ में 3 वर्ष की बच्ची शकुंतला एवं डेढ़ वर्षीय पुत्री भकोली की कार से जोरदार टक्कर जोरुखाड़ में दोपहर लगभग 2:00 बजे हो गई त् आनन-फानन में मौके पर मौजूद राहगीरों द्वारा एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी घायलों को लेकर आया गया जहाँ मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने उपचार उपरांत बेबी देवी के मृत्यु की पुष्टि हेड इंजरी के कारण परिजनों को की, साथ ही गंभीर रूप से घायल शकुंतला कुमारी 3 वर्षीय बच्ची को सिर में चोट लगने के कारण रेफर जिला चिकित्सालय के लिए किया गया त् डरी सहमी डेढ़ वर्षीय बच्ची को सब ठीक मानकर चिकित्सक द्वारा कोई उपचार नहीं किया गया जबकि कार और बाइक की टक्कर में उस बच्ची पर क्या गुजरा होगा यह हर कोई समझ सकता है । मौत का मातम परिजनों में छाया हुआ है अस्पताल में उपचार की गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए सीधे रेफर व्यवस्था के अभाव में चिकित्सक द्वारा कर दिया जाता है त् जबकि बेहतर उपचार उपलब्ध होने पर नित्य बढ़ रहे मौत के आकड़ों को सकारात्मक प्रयास कर कम किया जा सकता है त् आजादी के 75 वर्षों बाद भी जन सुविधाओं का टोटा सिस्टम को मुंह चिढ़ा रही त् मृतक का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की वैधानिक औपचारिकता पुलिस द्वारा किया जा रहा था त् उक्त कार चालक प्रशासन की गिरफ्त में आया है या नहीं इस बात की समाचार लिखे जाने तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी त् क्या यूं ही मौत का सिलसिला जन सुविधाओं के अभाव में जारी रहेगा यह सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों के लिए चिंतनीय प्रश्न हैं।

# गबन एवं हेराफेरी मामले में दो को भेजा जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** अपराध अनुसंधान



संस्थान शाखा वाराणसी की टीम की ओर से बुधवार को क्षेत्र के कोलना सहकारी बैंक से पूर्व में हुए लाखों रुपये के गबन एवं हेराफेरी के मामले में दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर के प्रबंधक नीतीश कुमार की तरफ से 20 फरवरी 2021 को कोलना साधन सहकारी समिति लिमिटेड/मिनी बैंक से 24 लाख 75 हजार 599 रुपये के गमन व कागजात में हेराफेरी के आरोप में क्रय केंद्र प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह निवासी राजुपुर एवं देवेंद्र कुमार सिंह निवासी कोलना के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। लंबी जांच के साथ ही 21 महीने के बाद अपराध अनुसंधान संस्थान की वाराणसी शाखा के निरीक्षक शेखर सिंह कोलना साधन सहकारी समिति पहुंचे और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शुरुआती झटकों के बाद पंत ने कराई वापसी लंच तक भारत का स्कोर 85/3

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मैच चटगांव में खेला जा रहा है, जहां भारत के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया हैं। इससे पहले रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारत की तरफ से शुभमन गिल और केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की, लेकिन जल्द ही शुभमन गिल 20 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने यासिर अली के हर हाल में जीतना जरूरी है। केएल राहुल के पास मौका है कि वह कप्तानी के साथ-साथ अपनी टीम को इस अहम सीरीज में जीत दिलाएं। शुभमन गिल, केएल राहुल (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रिषभ पंत



है। भारत की तरफ से शुभमन गिल और कप्तान केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की है। खबर लिखे जाने तक भारतीय टीम ने लंच तक 3 विकेट के नुकसान पर 85 रन बना लिए हैं। पंत 26 गेंद में 29 और चेतेश्वर पुजारा 12 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद।भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए लंच तक 3 विकेट खोकर 85 रन बना लिए हाथों कैच कराया। जल्द ही भारत को राहुल और फिर कोहली के रूप में दूसरा और तीसरा झटका लगा। राहुल 22 जबकि कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। भारत इस मैच में 3 स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन के साथ उतरी है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत के लिए यह सीरीज (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज। जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शंतो, लिटन दास, शाकिब अल हसन (कप्तान), मुशफिकुर रहीम, यासिर अली, नुरुल हसन (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, खालिद अहमद, इबादत हुसैन।

# कार दुर्घटना में घायल हुए इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंड एंड्र्यू फ्लिंटॉफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के क्रिकेट फैंस को उस वक्त एक बुरी खबर का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ अस्पताल में भर्ती उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वह पूरी तरह से खतरे से बाहर हैं। मैदान पर अपनी आक्रामकता के लिए अलग पहचान रखने वाले फ्लिंटॉफ के क्रिकेट करियर



हैं। उनकी बीबीसी के एक शो टॉप गियर के शूट के वक्त दुर्घटना हो गई थी। इस दुर्घटना में उनके साथ बैठे 45 साल के टीवी एंकर भी चोटिल हो गए। 13 दिसंबर 2022 को सरे के डंसफोल्ड एरोड्रोम में इसकी शूटिंग चल रही थी।बीबीसी की तरफ से जारी एक अपडेट में कहा गया है कि फ्रेडी टॉप गियर शो के टेस्ट ट्रैक पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। मेडिकल टीम घटनास्थल पर प्राथमिक उपचार देने के बाद की बात करें तो उन्होंने इंग्लैंड के लिए 79 टेस्ट और 141 वनडे मैच में क्रमशः 3,845 और 3,394 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट मैच में 226 जबकि वनडे में 169 विकेट लिए हैं। उन्होंने 2009 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। फ्लिंटॉफ 2005 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच सबसे लोकप्रिय एशेज में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे।

# बीसीसीआइ ने फैंस को दी बड़ी खुशखबरी बाकी बचे मैचों में इन्हें मिलेगी फ्री एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दूसरे मैच में दर्शकों की उपस्थिति से उत्साहित होकर बाकी बचे मैच के लिए भी एक बड़ा एलान किया है। दरअसल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की ऊ20घ् सीरीज के बाकी बचे तीन मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस मैच में फैंस बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले को फ्री एंट्री दी जाएगी। तीसरे टी20वर्ल्डकप में लड़कों और पुरुषों के लिए भी एंट्री फ्री की गई है, लेकिन उन्हें इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। हालांकि, चौथे और पांचवे ऊ20घ् मैच के लिए लड़कों और पुरुषों को नाम मात्र का चार्ज देना होगा।डीवाई पाटिल स्टेडियम में दूसरे टी20वर्ल्डकप मैच में 47,000 से भी ज्यादा लोग मौजूद भारतीय महिला टीम ने स्मृति मंधाना के 79 और रिचा घोष के 13 गेंद पर 26 रन की पारी के दम पर स्कोर की बराबरी कर ली थी। भारत ने सुपर ओवर में ऑस्ट्रेलिया की टीम को साल की पहली हार थमाई थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया के सामने 21 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में ऑस्ट्रेलिया



इसलिए बीसीसीआइ की तरफ से एक बड़ी खुशखबरी दी गई है। सोशल मीडिया पर दी जानकारी बीसीसीआइ वुमेन के ट्वीटर हैंडल पर एक जानकारी साझा करते हुए लिखा गया है कि बाकी बचे तीन मैच के लिए लड़कियों और महिलाओं थे। उस मैच में भारतीय महिला टीम ने सुपर ओवर के रोमांच में जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-1 की बराबरी की थी। दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 188 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में की टीम 1 विकेट खोकर केवल 16 रन ही बना पाई और 4 रन मुकाबला हार गई। इस जीत के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 5 मैच की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली थी। सीरीज का तीसरा मैच 14 दिसंबर को खेला जाएगा।

# यह है आईपीएल का सबसे युवा खिलाड़ी आर अश्विन को मानता है अपना आइडल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लिए मिनी ऑक्शन 23 दिसंबर को कोचि में होगा। इसके लिए सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपने-अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई को सौंप दी है। वहीं बीसीसीआई ने बीते मंगलवार को मिनी ऑक्शन में शामिल खिलाड़ियों की लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में शामिल एक 15 साल के युवा खिलाड़ी पर भी बोली लगेगी। की शुरूआत भारतीय समयनुसार दोपहर 2:30 बजे से होगी। इस बार आईपीएल ऑक्शन में अफगानिस्तान के एक 15 साल के युवा खिलाड़ी पर भी बोली लगेगी। इस खिलाड़ी का नाम अल्लाह मोहम्मद है। अल्लाह मोहम्मद इस बार होने वाले ऑक्शन में सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। मोहम्मद की बेस प्राइस 20 लाख रुपये है।अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत के रहने वाले अल्लाह मोहम्मद गजनफर ऑफ स्पिनर हैं। 15 साल के इस खिलाड़ी ने आईपीएल खेलने के लिए अपना नाम दिया है। अल्लाह मोहम्मद रविचंद्रन अश्विन को अपना आदर्श मानते हैं। अल्लाह ने इससे पहले जूनियर पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लिया था। इस साल की शुरुआत में बिग बैश लीग में भी शामलि हुए थे। हालांकि, उन्हें बीबीएल की किसी टीम ने उन्हें खरीदा नहीं। गौरलतब हो कि बीसीसीआई ने मंगलवार को 405 क्रिकेटरों की सूची रिलीज कर दी। अब इन्हें आईपीएल 2023 नीलामी के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा। 405 खिलाड़ियों में से 273 भारतीय हैं और 132 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से 4 खिलाड़ी सहयोगी देशों के हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 119 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 282 हैं।



# स्मृति मंधाना की पारी से सुपर ओवर के रोमांच में जीता था भारत, अब रैंकिंग में भी लगाई छलांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 741 अंक साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्राथ 827 अंक के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं। में भारत के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले दो मैचों में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्राथ रैंकिंग में नई नंबर 1 हैं। 27 वर्षीय ताहलिया मैकग्राथ ने पहले दो टी20 मैच में 40 और नाबाद 70 रन की पारी खेली। हमवतन मेग लैनिंग और बेथ मूनी के साथ-साथ



उनकी हमवतन बेथ मूनी 773 रेंटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच रही स्मृति मंधाना को 11 रेटिंग अंक प्राप्त हुए। इसकी मदद से वह करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल करने के लैंडमार्क तक पहुंचने में सफल हुईं हैं। मुंबई मंधाना को पछाड़कर महिला टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली चौथी ऑस्ट्रेलियाई और 12वीं बल्लेबाज बन गईं। गौरतलब हो कि, भारत की सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा 18 मैचों के बाद शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल हुई हैं। वहीं जेमिमा रॉड्रिक्स ने भी टॉप टेन में जगह बनाई है।

# टी20 विश्वकप में भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, दर्ज की लगातार 3 जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कटक के बाराबती स्टेडियम में नेत्रहीनों के तीसरे टी20 क्रिकेट विश्वकप में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत किया। भारत ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सलमान और आबिद को तीन ओवर के अंदर आउट कर शानदार शुरुआत की। बांग्लादेश के कप्तान मोहम्मद आशिकुर रहमान और मोहम्मद साझेदारी के साथ कुल 166 रन बनाए। आशिकुर रहमान 53 गेंदों में 75 रन बनाकर पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। तंजील 20 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में, भारतीय सलामी बल्लेबाज टी दुर्गा



दर्ज की। टॉस जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में भारत ने 13.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत ने टॉस जीता। कप्तान अजय कुमार रेड्डी के इस फैसले को गेंदबाजों ने सही साबित आरिफ ने अपनी टीम की पारी को संभाला।दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। यह साझेदारी 13वें ओवर में टूटी जब आरिफ एक गेंद पर 33 रन बनाकर रन आउट हो गए। अशिकुर रहमान इसके बाद तंजील के साथ मिलकर टीम के स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। इस जोड़ी ने पारी के अंत तक बल्लेबाजी करते हुए 61 रनों की राव और नकुल बदनायक ने तेज शुरुआत की और 8.3 ओवर में 95 रन बनाए नकुल 24 गेंदों पर 36 रन बनाकर आउट हुए। दुर्गा राव (73) ने तेज गति से रन बनाना जारी रखा। 12वें ओवर में जब वह रिटायर हुए तो भारत लक्ष्य से सिर्फ 15 रन दूर था। कप्तान अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश ने बिना किसी परेशानी के 13.1 ओवर में मैच खत्म कर दिया।

# 1983 विश्वकप के हीरो रहे पूर्व दिग्गज क्रिकेट संदिप पाटील को सीने में दर्द की शिकायत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**1983 विश्वकप में भारत की जीत के हीरों रहे संदीप पाटिल को सोमवार रात सीने में तकलीफ महसूस हुई थी। गुरुवार को डॉक्टर ने एंजियोग्राफी कराने की सलाह दी गई। इस पर पूर्व बल्लेबाज अपने दोस्त डॉ. वैभव कासोडेकर अंधेरी ईस्ट के होली स्पिरिट अस्पताल पहुंचे। जहां उनका चेकअप किया गया और सभी रिपोर्ट्स नार्मल आई। मिड-डे के अनुसार संदीप पाटिल अपने स्वास्थ्य पर आए बाउंसर से परेशान नहीं हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, ङ्कहमारी 1983 की विश्वकप विजेता टीम ने यश को खो दिया और फिर कपिल देव को दिल की समस्या हो गई। अब यह मैं हूं, लेकिन चिंता करने की कोई बात नहीं है। यह 66 साल पुरानी मशीन है, इसको बस सर्विसिंग की जरूरत है।डॉ अजीत देसाई की सलाह पर, डॉ श्रीनिवास देसाई द्वारा जसलोक अस्पताल में एक सीटी एंजियो किया गया था। जहां पाटिल के अनुसार, ङ्कमुख्य लाइन में कुछ कैल्शियम जमा पाए गए थे।ङ्क रिपोर्ट नॉर्मल आने पर 1983 विश्वकप विजेता काफी खुश नजर आए और उन्होंने कहा कि किसी को भी अपने स्वास्थ्य के साथ कोई जोखिम नहीं उठाना चाहिए गौरतलब हो कि यशपाल शर्मा का जुलाई 2021 में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया था। उन्होंने विश्वकप जीतने में अहम रोल अदा किया था। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को भी दिल की समस्या से दो चार होना पड़ा था।





# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।


**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# अस्पताल के बिस्तर पड़े भारतीय क्रिकेटर का इमोशनल पोस्ट लिखा- यह दुर्भाग्यपूर्ण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए एक संदेश शेयर किया। उन्होंने लिखा कि वह मंगलवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मैचों को मिस करेंगे। खलील ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मेरी चिकित्सा स्थिति के कारण मैं आगामी रणजी सत्र के अधिकांश मैचों में नहीं खेल पाऊंगा। मैं रिकवरी की राह पर हूं और फिट होते ही टीम में वापसी करूंगा। मैं सभी शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। गौरतलब है कि



स्वास्थ्य संबंधी स्थिति के कारण वह क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया है कि जल्द ही फिट होने के बाद वह क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे तेज गेंदबाज ने सोमवार को अस्पताल के बिस्तर से एक तस्वीर साझा की और ट्वीट किया। खलील ने लिखा क्रिकेट से दूर रहना बहुत कठिन है, यह खलील अहमद खलील घरेलू मैचों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का हिस्सा थे। खलील अहमद आखिरी बार घरेलू टी20 मैच में मुंबई के खिलाफ खेलते हुए दिखे थे। जहां उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में 47 रन दिए और एक विकेट लिया।

# आईपीएल मिनी ऑक्शन के लिए जारी हुई 405 खिलाड़ियों सूची, 273 हैं भारतीय प्लेयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होगी। इसके लिए बीसीसीआई ने 405 क्रिकेटरों की सूची रिलीज कर दी है। शुरु खिलाड़ियों को 2 करोड़ की उच्चतम आरक्षित मूल्य के ब्रैकेट में रखा गया है। 11 खिलाड़ी 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ नीलामी सूची में हैं। मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल को 1 करोड़ की बेस




में 991 खिलाड़ियों की प्रारंभिक सूची में से 10 टीमों द्वारा कुल 369 खिलाड़ियों को चुना गया था। टीमों ने 36 अतिरिक्त खिलाड़ियों को मिनी ऑक्शन में शामिल करने का अनुरोध किया गया था, जिन्हें अंतिम सूची में जोड़ा गया है। अब इन्हें आईपीएल 2023 नीलामी के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा। 405 खिलाड़ियों में से 273 भारतीय हैं और 132 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें से 4 खिलाड़ी सहयोगी देशों के हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 119 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 282 हैं। अब अधिकतम 87 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिनमें से 30 तक विदेशी खिलाड़ियों के लिए स्लॉट है। 19 विदेशी प्राइज वाले 20 क्रिकेटरों की सूची में शामिल किया गया है। आईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में खिलाड़ियों की नीलामी 43 सेट में की जाएगी। नीलामी के लिए कुल 991 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, 23 दिसंबर को फ्रेंचाइजी द्वारा केवल 87 खिलाड़ियों को चुना जाएगा। खिलाड़ियों को रिटेन और रीलिज करने के बाद अब हैदराबाद सनराइजर्स के पास सबसे ज्यादा पैसे बचे हैं, जबकि दूसरे नंबर पर 10 टीमों में पंजाब किंग्स की टीम शामिल है। लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई इंडियंस तीसरे व चौथे नंबर पर रहे। जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे कम रुपये शेष बचे हैं।

## सम्पादकीय

# तमिल संगमम् महज एक आयोजन नहीं, बल्कि देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की यात्रा भी है

बीते 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिव की नगरी काशी में जिस 'काशी तमिल संगमम्' का उद्घाटन किया था, उसका यशोपूर्ण समापन 16 दिसंबर को होने जा रहा है। यह समापन नहीं, बल्कि भारत के गौरवपूर्ण सांस्कृतिक विरासत से देशवासियों का परिचय कराने की यात्रा का आरंभ है। जब आप इस आयोजन की नब्ज टटोलेंगे और स्वयं को इसके आत्मा से जोड़ेंगे तो पाएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री मोदी संस्कृति और सभ्यता के दो कालजयी केंद्रों के संगमम् के सहारे देश की एकता की डोर को और मजबूत करने में लगे हैं। जहां काशी आज अपने दिव्यतम स्वरूप में अलौकिक ऊर्जा के प्रवाह का केंद्र बन रही है, वहीं तमिलनाडु 'दक्षिण काशी' को खुद में समेटे हुए अध्यात्म के महात्म्य और महान संत तिरुवल्लुवर, रामानुजाचार्य, कनियन पुंगुनद्रनार और अव्वैयर से लेकर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं एपीजे अब्दुल कलाम तक के कृतित्व के बल पर पूरे विश्व को आगे बढ़ने की राह दिखा रहा है। आदिगुरु शंकराचार्य ने भी श्रृंगेरी मठ की स्थापना के लिए महान तमिल नगरी रामेश्वरम को ही चुना था। जैसे दक्षिण भारत के महान संतों, विद्वानों और कवियों के भारतीय दर्शन को समझे बिना भारत को नहीं जाना जा सकता, ठीक वैसे ही दिव्य काशी के संस्कार के बिना भारत का आत्मा अपूर्ण है। मोदी इन्हीं दो महान संस्कृतियों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण करने में लगे हैं। काशी तमिल संगमम् भारत के उत्तर और दक्षिण के बीच ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों का जश्न होने के साथ-साथ हिंदी एवं तमिल भाषी लोगों के मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के लिए सबसे बड़ा महोत्सव भी है। इसका उद्देश्य न केवल तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन संबंधों को जोड़ना है, बल्कि इसे युवा पीढ़ी तक भी पहुंचाना है। आज भी काशी में तमिलनाडु के लोग रहते हैं। तमिलनाडु में तो कई मंदिरों और नगरों के नाम भी दिव्य काशी पर ही हैं। लोग काशी विश्वनाथ के स्वरूप की पूजा करते हैं। आजादी के अमृत काल में देशवासियों की एकता को प्रदर्शित करने वाला यह आयोजन दर्शाता है कि हम भले अलग-अलग भाषा बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों और परिवेश से हों, लेकिन हम सब भारतीय हैं। तमिल संगमम् का अगला पड़ाव कच्छ होगा। सैकड़ों वर्ष पूर्व विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से परेशान होकर कच्छ-सौराष्ट्र से बड़ी संख्या में लोग तमिलनाडु पलायन कर गए थे। आज भी बड़ी संख्या में गुजराती लोग तमिलनाडु के मदुरै और अन्य इलाकों में रहते हैं। यह विश्व की सबसे पुरातन तमिल संस्कृति को राष्ट्रव्यापी बनाने का एक उत्कृष्ट प्रयास है। प्रधानमंत्री तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने और इसकी समृद्ध विरासत के बारे में जागरूकता प्रसार का कोई अवसर नहीं छोड़ते। उन्होंने कई अवसरों पर तमिल संस्कृति का जमकर प्रचार और उसका खूब बखान भी किया है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मंचों पर भारत की गौरवशाली विरासत और समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होंने इसी साल जनवरी में सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ क्लासिकल तमिल के नए परिसर का उद्घाटन किया था। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में तमिल अध्ययन पर 'सुब्रमण्यम भारती चेयर' की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री मोदी को महान संत तिरुवल्लुवर रचित 'थिरुक्कुरल' विशेष रूप से पसंद है। कुछ साल पहले उन्होंने थिरुक्कुरल का गुजराती अनुवाद भी जारी किया था। 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने दार्शनिक कनियन पुंगुनद्रनार की 3000 वर्ष पुरानी तमिल उक्तियों को पढ़ा था। इसी वर्ष मई में टोक्यो में क्वाड सम्मेलन के दौरान उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों को पट्टुमदाई सिल्क मैट तोहफे में दिए थे। उन्होंने मामल्लापुरम (महाबलीपुरम) को विश्व पटल पर उभारा है। उन्होंने कई बार सभाओं में भी तमिल संस्कृति और तमिल भाषा के महत्व पर चर्चा की है। भारत कई सभ्यताओं और संस्कृतियों का उद्गम स्थल रहा है, मगर कालांतर में हम अपनी संस्कृति से दूर होते चले गए और उसे कमतर करके आंकने लगे। हमें अपनी महान विरासत पर गर्व होना चाहिए था, लेकिन हम उस ज्ञानपुंज को तिरस्कृत करने लगे। भारत इतना विशाल और इतना विविधतापूर्ण है कि यहां थोड़ी-थोड़ी दूर पर भाषा और वेश-भूषा बदल जाती है।

# गंभीर होती चीन की चुनौती, तवांग में हुई मुठभेड़ भारत को युद्ध के लिए तैयार रहने का दे रही संदेश


दो साल पहले लद्दाख के गलवन कांड की याद को ताजा करते हुए इस महीने की नौ तारीख को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर की यांग्त्से सीमा चौकी पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच गंभीर टकराव हुआ। भारत के नियंत्रण वाले तवांग क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले लगभग तीन सौ चीनी सैनिकों के एक दल और भारतीय सैनिकों के बीच हाल में जो यह हाथापाई हुई, उसे 2020 के गलवन कांड के बाद भारतीय और चीनी सेना के बीच टकराव की सबसे गंभीर घटना माना जा रहा है। चीनी सैनिकों को वापस धकेलने के बाद भारतीय सेना ने अपने एक संक्षिप्त बयान में बताया है कि इस मुठभेड़ में भारत के पांच जवान घायल हुए और स्थिति नियंत्रण में है।भले ही इस बार सैन्य झड़प की हिंसा काफी हद तक सीमित रही, लेकिन भारत-चीन संबंधों को रसातल में पहुंचाने वाले गलवन कांड के बाद चीन की ओर से फिर इस तरह की कार्रवाई यही संकेत दे रही है कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के इरादे नेक नहीं हैं। ऐसी आशंका इसलिए बलवती हो रही है, क्योंकि कोविड को लेकर घोर विफलता के कारण चीनी राष्ट्रपति और उनकी कम्युनिस्ट सरकार चीन में उठ रही जनाक्रोश की लहर से सहमे हुए हैं। ऐसे में, यही लगता है कि चीनी राष्ट्रपति, पार्टी प्रमुख और प्रधान सेनापति के सभी पदों पर विराजमान शी की सेना अपनी जनता का ध्यान बंटाने के लिए ही इस तरह की हरकतें कर रही है। ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है कि इस जनाक्रोश को ठंडा करने के लिए शी कभी भी भारत या ताइवान के साथ युद्ध के हालत पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यह सवाल अहम हो जाता है कि शी दोनों देशों में से किसके साथ टक्कर लेना ज्यादा फायदेमंद मानते हैं चीनी मामलों के कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि ताइवान पर हमला करके चीन एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय टकराव में उलझ सकता है, जिसमें ताइवान पर पूरी तरह कब्जे का शी का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। भारत के बारे में भी चीन को समझ आ गया है कि 1962 के बजाय आज का भारत करारा जवाबी हमला कर सकता है, जो चीन को बहुत महंगा पड़ेगा। इसके बाद विश्व विजय का उसका सपना ध्वस्त हो सकता है। जो भी हो, रावण और दुर्योधन सरीखी मानसिकता वाले तानाशाह शी चिनफिंग बदहवासी के आलम में किसी भी हद तक जा सकते हैं और तवांग प्रकरण इसकी ताजा मिसाल है, जिसने भारत को सचेत रहने का संकेत दे दिया है। यह पहला अवसर नहीं जब अरुणाचल के यांग्त्से क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा को बदलने का प्रयास किया हो, लेकिन इस बार भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करने वाले चीनी सैन्य दस्ते की संख्या तीन सौ से अधिक थी, जबकि अमूमन 20-25 चीनी सैनिकों की टुकड़ियां ही इस क्षेत्र में गश्त लगाने आती रही हैं। भारत और चीन की सेनाओं के बीच आपसी सहमति है कि गश्त करते समय



दोनों पक्षों का कोई भी सैनिक अपने पास बंदूक, पिस्तौल या इस तरह का कोई घातक हथियार नहीं रखेगा। इस कारण ऐसी स्थिति में होने वाला टकराव एक दूसरे पर चिल्लाने, नारेबाजी और धक्कामुक्की तक ही सीमित रहता है। शायद यही कारण है कि तवांग में टकराव भी धक्कामुक्की और हाथापाई से आगे नहीं बढ़ा। वहीं, जून 2020 में गलवन में चीनी सैनिकों ने निहत्थे रहने के नियम का पालन करने के बजाय पहले से तैयार कीलों की वेल्डिंग वाली लोहे की राड और बाड़ की तारों से लैस डंडों जैसे घातक हथियारों से भारतीय सैनिकों पर एकाएक हमला बोल दिया था। उस हमले में भारतीय कमांडर सहित 20 सैनिक बलिदान हो गए थे, लेकिन समय पर भारतीय सेना की नई कुमुक के पहुंच जाने से बाजी पलट गई। चीन सरकार ने गलवन में अपने हताहत सैनिकों पर पर साल भर चुप्पी साधे रखी और बाद में केवल चार सैनिकों के मरने की बात स्वीकारी। हालांकि, अमेरिका समेत कुछ देशों के चीन में सक्रिय खुफिया तंत्रों ने बाद में दावा किया कि इस मुठभेड़ में चीन के 42 सैनिक मारे गए थे। सैटेलाइट तस्वीरों से भी इस दावे की पुष्टि हुई। तवांग में झड़प ने सिद्ध किया कि इस क्षेत्र में भारतीय सेना की तैयारी बहुत मजबूत है और हमारे सैनिक इस तरह की स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार हैं। इससे पहले ऐसे समाचार आते रहे हैं कि चीन ने भारत के साथ लगने वाली अपनी करीब साढ़े तीन हजार किमी लंबी सीमा के साथ-साथ न केवल साल भर चालू रहने वाला सड़कों का तंत्र विकसित किया हुआ है, बल्कि राष्ट्रपति शी की व्यक्तिगत पहल पर इस सीमा के कई क्षेत्रों में 600 से अधिक ऐसे नए गांव बसा लिए हैं, जिनमें पक्के घरों से लेकर सड़क, बिजली, स्कूल और ब्राडबैंड इंटरनेट सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके पीछे चीन की मंशा न केवल इस क्षेत्र में अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत करना है, बल्कि इस इलाके पर अपना दावा मजबूत करने के लिए वहां स्थायी रूप से नागरिकों को बसाना भी है। सीमा पर गांवों को बसाने में राष्ट्रपति शी की व्यक्तिगत रुचि को इससे समझा जा सकता है कि पिछले साल अगस्त में अचानक तिब्बत यात्रा के दौरान उन्होंने अरुणाचल से लगने वाली सीमा की भी यात्रा की थी और इस तरह के एक गांव में भी गए थे, लेकिन सीमा पर उनकी इस यात्रा का असली उद्देश्य अपनी सैन्य तैयारियों का जायजा लेना था। तवांग क्षेत्र में चीन की नई आक्रामक हरकत इस मायने में भी बहुत गंभीर है कि भारत सरकार चीन के साथ-साथ विश्व को स्पष्ट कर चुकी है कि चीन जब तक भारतीय सीमा पर तनाव कम नहीं करता और अपनी सेनाओं को पहले वाले स्थानों तक वापस नहीं ले जाता, तब तक उसके साथ दूसरे मामलों में सहयोग की कोई बात नहीं की जाएगी। चीन इससे परेशान है कि भारत अपनी इस नीति पर कायम है। तवांग में उसकी हरकत उसकी खिसियाहट भरी प्रतिक्रिया भी हो सकती है। इसमें नई दिल्ली के लिए निहित संदेश भी स्पष्ट है कि भारत को चीन के साथ युद्ध के लिए भी तैयार रहना चाहिए।तवांग क्षेत्र के यांग्त्से मोर्चे पर चीनी सैनिकों के चोरी-छिपे घुसपैठ-हमले को नाकाम कर भारत ने बीजिंग के बेलगाम शी शासन को हतप्रभ कर दिया है। भागते हुए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों के वीडियो दुनिया भर में वायरल हुए हैं। यह चीन के पुनः नियुक्त राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी छवि को एक करारा धक्का है। लेकिन सीमा प्रेक्षक, सैन्य विशेषज्ञों और कूटनीतिक पंडितों के अनुसार, यह घटना सीमित महत्व की है। शी जिनपिंग के चीनी स्वप्न में इन घटनाओं की निरंतरता एक सामान्य प्रक्रिया है और अचानक इन आक्रमणों में वृद्धि अब भारत को हैरान नहीं करती। हां, चीन को आश्चर्य हो रहा है कि भारत उसको बढ़ी हुई ताकत और तीव्र आक्रामकता के साथ पीछे खदेड़ने में सफल हो रहा है। उसे अब तक यही लगता था कि चीनी सैनिक आगे बढ़ेंगे, भारत विरोध प्रदर्शन करेगा और कुछ दिन बाद बात भुला दी जाएगी। पर अब ऐसा नहीं होता। भारत की चीन के साथ कुल सीमा 3,488 किलोमीटर है। इन सीमा क्षेत्रों में चीन की घुसपैठ लगातार हुई है, लेकिन सर्वाधिक घटनाएं लद्दाख और अरुणाचल के क्षेत्र में हुई हैं, जो चीन के लिए अधिक सामरिक महत्व के क्षेत्र हैं। वर्ष 1962 से अब तक चीन के साथ सीमा-विवाद अनेक पड़ावों से गुजरा है, लेकिन मार्च, 2013 में शी जिनपिंग के सत्तासीन होने के बाद स्थिति में नाटकीय परिवर्तन हुआ और अपने पिछले समझौतों को तोड़ते हुए चीन ने आक्रामक घुसपैठ में वृद्धि की। विवाद शी जिनपिंग से पहले भी थे, लेकिन वह समाधान की इच्छा भी जताता था। वर्ष 1967 में चुंबी घाटी में भारत ने चीन को जबर्दस्त चोट पहुंचाई थी और उसके बाद हुए समझौते के फलस्वरूप वर्ष 1967 से 2020 यानी गलवां की घटना तक के 53 वर्षों में भारत-चीन के सैनिकों के बीच एक भी गोली नहीं चली। वर्ष 1993 में तत्कालीन चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ से सीमा-विवाद पर जो समझौता हुआ, उसमें बारीकी से उल्लेख है कि सीमा पर हथियार जमा नहीं होंगे, बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती नहीं होगी, यदि कोई सैन्य अभियान चलाना है, तो एक दूसरे को बताए बिना ऐसा नहीं किया जाएगा। कारगिल युद्ध के समय चीन ने पाकिस्तान का साथ नहीं दिया, बल्कि मूक दर्शक बना रहा। विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव और चीनी मामलों के विख्यात जानकार टीसीए रंगाचारी बताते हैं कि जून, 1999 में जब कारगिल युद्ध चल रहा था, तब विदेश मंत्री जसवंत सिंह और विदेश सचिव रघुनाथ की चीन यात्रा सफल रही थी। वर्ष 1996 में चीन के राष्ट्रपति च्यांग की मिन भारत आए और यहां से पाकिस्तान गए थे, जहां पाकिस्तानी संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान को सलाह दी थी कि वह कश्मीर भूल जाए और भारत से संबंध सुधारे। इस पर पाकिस्तान में बड़ा उबाल उठा था। शी जिनपिंग के सत्ता में आने के बाद चीन की विस्तारवादी नीतियों में आक्रामकता आई। भारतीय सीमा पर आक्रामकता, हिंसा, गोलीबारी (गलवां), लंबे समय तक सैनिकों द्वारा कब्जा बनाए रखना (दोकलाम में 73 दिन बाद कब्जा हटा), और वैश्विक मंच पर भारत का तीव्र विरोध शी के अहंकार और विस्तारवाद का परिचायक है। दक्षिण चीन सागर में भी इसी तरह उसने नए द्वीप बना दिए हैं। वहां वह अपने लोगों को बसाकर दुनिया की आंखों में धूल झोंकता है कि ये क्षेत्र उसके पास प्राचीन काल से हैं। उसने नाथुला और अरुणाचल में वही नीति अपनाकर नए गांव बसा दिए हैं। वास्तव में चीन इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रहा है कि भारत अब दब्बू नहीं रहा है, बल्कि दोगुनी ताकत से चीन का मुकाबला कर रहा है। भारत के सैन्य सशक्तीकरण, सीमाओं पर पक्की सड़कों के बेतहाशा निर्माण, अरुणाचल से लेकर उत्तराखंड और लद्दाख तक वायुसेना की तैनाती, नए युद्धक विमानों के निर्माण और रूस के साथ-साथ इस्राइल और अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत का चतुर्मुखी रणनीतिक (क्वाड) गठबंधन चीन की आंखों का शूल बना है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र का नाम ही चीन को चुभता है। भारत के वियतनाम, जापान, सिंगापुर, थाईलैंड, म्यांमार एवं आसियान देशों से बढ़ते सामरिक संबंध उसके चीनी स्वप्न के विस्तारवादी गुब्बारे की हवा निकालते हैं। चीन अपने पड़ोस में महाशक्ति के रूप में उभरते भारत को नहीं देखना चाहता। चीन भारत के पड़ोस में श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान में अपने आर्थिक शिकंजे और प्रभाव को बढ़ाते हुए एक ओर भारत को घेरने का षड्यंत्र रचता है, दूसरी ओर सीमा पर आक्रामकता को बढ़ाता है। यह लंबे समय तक चलने वाला है। चीन इस प्रतीक्षा में कि कब भारतीय नेतृत्व कमजोर हो और उसकी बढ़त पर पहले की तरह मौन रखे। जरा-सी चूक या कमजोरी बाजी पलट सकती है। इसीलिए मोदी के सशक्तीकरण अभियान से चीन बेहद परेशान है।

# रक्षात्मक रवैये का परिणाम, तभी दुस्साहस को अंजाम दे पा रहे हमारे बिगड़ैल पड़ोसी

चीन ने इस बार अरुणाचल के तवांग सेक्टर में गलवन जैसी घटना दोहराने का दुस्साहस किया। चीनी सैनिक संभवतः मौसम और बादलों की आड़ में नई पोस्ट बनाने के उद्देश्य से दो-तीन कंपनियां लेकर आए थे। वे अपने उद्देश्य में न केवल असफल रहे, बल्कि उन्हें अपने घायल साथियों के साथ लौटना पड़ा। दरअसल, हमारे बिगड़ैल पड़ोसियों को ऐसे दुस्साहस करने की ताकत के पीछे हमारी पारंपरिक रक्षात्मक नीति रही है कि भारत अपनी ओर से आक्रामक पहल नहीं करेगा। हां, भीषण प्रतिक्रिया अवश्य देगा। यह नीति हमारे शत्रुओं चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक सुविधा देती है। इसकी वजह से हमें बार-बार क्षति उठानी पड़ी है। इसे समग्रता में समझने के लिए हमें इतिहास के पन्ने पलटने होंगे कि आखिर यह बीमारी हमारी सामरिक नीति में कैसे घुस आई? इसकी पड़ताल में पाएंगे कि अपनी रक्षा समस्याओं के जनक हम खुद हैं। एक समय अमेरिकी राष्ट्रपति कैनेडी भारत को परमाणु हथियार बनाने में सहायता देने को तैयार थे, लेकिन नेहरू ने उसे नकार दिया। नेहरू ने ही सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट की पेशकश को भी चीन की झोली में डाल दिया। सेनाओं का आधुनिकीकरण तो दूर वह सैनिकों को रिटायर करके घर भेजने में लगे रहे। नवंबर 1947 में कश्मीर में बढ़ रही सेना को भारत ने आधे रास्ते में ही रोक दिया। फिर 20 नवंबर, 1962 को चीन से पूर्ण पराजय के बाद भी भारत असहाय था। चीनी सेनाएं सेला और बोमडिला से आगे तक आ चुकी थीं। युद्धविराम की घोषणा के बाद भी अक्साई चिन का इलाका उनके पास रहा। चीन 1950 से ही अक्साई चिन के रास्ते तिब्बत तक रोड बनाने में लगा रहा। इसकी



सूचना तत्कालीन रक्षामंत्री वीके कृष्ण मेनन और प्रधानमंत्री नेहरू तक भी पहुंची होगी। वायुसेना ही इस चीनी सड़क निर्माण को रोक सकती थी। 1962 का युद्ध भारत के अस्तित्व का संकट था, लेकिन युद्ध में एयरफोर्स के बांबर-फाइटर्स का उपयोग ही नहीं होने दिया गया। कम से कम अब तो यह समझा जाना चाहिए कि हमारी रक्षात्मक नीतियां हमारे अपमान का कारण रही हैं। यदि हम चीन को कठोर संदेश देने की रणनीति नहीं बनाते तो गलवन और तवांग जैसी घटनाओं का सिलसिला थमने वाला नहीं। 1962 से पूर्व 1947-48 के प्रथम कश्मीर संघर्ष में कश्मीर का लगभग 86 हजार वर्ग किमी क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे में जा चुका था। अफसोस यह था कि कबायलियों को खदेड़ रही भारतीय सेनाओं को उड़ी में ही कैंप करने को बाध्य किया गया। 161 ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर सेन ने लिखा कि हम समझ नहीं पा रहे थे कि हमें क्यों आगे जाने से रोक दिया गया? वह 13 नवंबर, 1947 की तारीख थी। हमारी सेना आसानी से मुजफ्फराबाद तक पहुंच जाती, लेकिन उसके कदम रोक दिए गए। इस तरह गुलाम कश्मीर अस्तित्व में आया। दक्षिण में उड़ी से हाजीपीर पास से होता हुआ पुंछ तक जाने वाला 30 किमी का रास्ता उड़ी की इसी 161 ब्रिगेड के नियंत्रण में आ गया था। यह उड़ी पुंछ लिंक मार्ग एक ऐसा वैकल्पिक एवं रणनीतिक महत्व का मार्ग था, जो जम्मू को उड़ी और फिर कुपवाड़ा-बारामुला तक जोड़ता था। इससे सेना के लिए गुलाम कश्मीर के 10 जिलों के लिए अभियान की राह खुल गई थी। यह लिंक जम्मू को गूजर-बकरवालों से जोड़कर जम्मू की राजनीतिक भूमिका को कश्मीर के मुकाबले अधिक सशक्त बना रहा था। नए ब्रिगेडियर एंडरसन की अनुभवहीनता का लाभ उठाकर पाकिस्तानियों ने आक्रमण कर हाजीपीर के रास्ते की चौकियों पर कब्जा कर लिया। फिर दिसंबर 1948 में ठंड का बहाना लेकर ब्रिगेडियर एंडरसन ने सैनिकों को हाजीपीर कांपलेक्स की अन्य पहाड़ियों से वापस बुला लिया। जब एक जनवरी, 1949 को युद्धविराम हुआ तो हाजीपीर पर पाकिस्तानी झंडा फहराता दिखा। नेहरू जैसा प्रधानमंत्री संभवतः विश्व में कोई दूसरा नहीं हुआ होगा, जो सुरक्षा परिषद से अपनी ही सेनाओं के विरोध में युद्धविराम कर आए। इससे हाजीपीर दर्रा और उड़ी-पुंछ मार्ग पाकिस्तान को एक तरह से तश्तरी में परोसकर दे दिया गया। हम यह भूल नहीं सकते कि गिलगित-बाल्टिस्तान के उत्तरी इलाके में गिलगित एजेंसी के ब्रिटिश एजेंट मेजर ब्राउन ने किस तरह भारत से विद्रोह कर वहां की मुस्लिम कंपनियों से सारे सिख डोगरा सैनिकों को मरवा दिया। कारगिल से मेजर थापा के नेतृत्व में डोगरा और स्थानीय लद्दाखी सैनिकों की एक कंपनी ने आगे बढ़कर स्कर्दू में मोर्चा लगाया, लेकिन सैन्य सहायता और रसद भेजने का समय रहते कोई प्रयास ही नहीं किया गया। सैनिकों को स्थानीय गैर-मुस्लिमों और उनके परिवारों को लेकर किले में शरण लेनी पड़ी। ब्रिटिश योजना में गिलगित-बाल्टिस्तान पाकिस्तान को जाना था। इसीलिए उस कंपनी को मरने के लिए छोड़ दिया गया। अंततः जब आखिरी कारतूस भी नहीं बचा और महीनों से एक वक्त के भोजन पर रह रहे सैनिकों के पास भोजन न रहा, तब उन्हें 10 महीनों तक घिरे रहने के बाद पाकिस्तानियों के सामने 14 अगस्त, 1948 को आत्मसमर्पण करना पड़ा। मेजर थापा और उनके अर्दली को छोड़कर शेष सभी सैनिक और हिंदू-बौद्ध नागरिक मार दिए गए। सत्य-अहिंसा की गांधीवादी नीति हमारी आंतरिक समरसता के लिए थी। नेहरू ने इसे देश की सुरक्षा में भी लागू कर दिया।

## सिर्फ एक भूल नहीं है भ्रष्टाचार ममता की इशारा किस ओर

कोलकाता के मेयर और राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने तो वीरभूम में जाकर पशु तस्करी मामले में जेल में बंद अणुब्रत मंडल के संबंध में कहा कि रायल बंगाल टाइगर को कोई कितने दिन पिंजरे में बंद रख सकता है? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आजकल अपनी प्रशासनिक बैठकों और दूसरे मौकों पर एक बात बार-बार दोहरा रही हैं कि सरकार से भूल हो सकती है, उसे सुधारने का मौका देना चाहिए। उनका इशारा शिक्षा



सहित उन घोटालों की चल रही जांच की ओर होता है। यह बयान देश के सबसे बड़े शिक्षा घोटाले के कारण सरकार की तेजी से गिरती साख को बचाने की कोशिश लगता है, मगर आम बंगाली मतदाता भूल और भ्रष्टाचार के अंतर को पूरी तरह समझ रहा है। मुख्यमंत्री ने भी वकालत की पढ़ाई की है और वह भारतीय दंड संहिता की धाराओं से पूरी तरह अवगत होंगी। पूर्व शिक्षा मंत्री की महिला मित्रों के फ्लैटों से 55 करोड़ की नकदी, गहने, फ्लैटों और जमीन के कागजातों की बरामदगी को पार्थ चटर्जी की महज एक भूल नहीं कहा जा सकता। चार-पांच सुनवाइयों के बाद भी उन्हें जमानत इसलिए नहीं मिल रही है कि सीबीआई के मुताबिक वह बहुत प्रभावशाली हैं और बाहर जाकर सबूतों को नष्ट कर सकते हैं। कोलकाता के मेयर और राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने तो वीरभूम में जाकर पशु तस्करी मामले में जेल में बंद अणुब्रत मंडल के संबंध में कहा कि रायल बंगाल टाइगर को कोई कितने दिन पिंजरे में बंद रख सकता है? उसके दो दिन बाद हुई सुनवाई में यही तर्क सीबीआई ने अदालत को दिया कि बाघ को अगर पिंजरे से खोला गया, तो क्या अंजाम हो सकता है! सही है, बाघ शाकाहारी तो नहीं ही होता है। अपनी भूल वाली सफाई के दौरान ममता बनर्जी जब यह कहती हैं कि वह राज्य में किसी की नौकरी नहीं जाने देंगी, तो वह एक और भूल दिन-दहाड़े दोहराती दिखती हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कह दिया है कि जो लोग घूस देकर शिक्षक पद पर बैठे हैं, वे अपनी इच्छा से तुरंत पद छोड़ दें, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें। चोरी छिपाने के लिए बहुत सारे खेल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने श्रीलंका के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर की चर्चा

**कोलंबो।** भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार श्रीलंका दौरे पर हैं। एडमिरल कुमार चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को श्रीलंका पहुंचे। नौसेना प्रमुख ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित श्रीलंका के वरिष्ठ राजनीतिक और रक्षा नेतृत्व के साथ चर्चा की। एडमिरल आर हरि कुमार ने श्रीलंका के वरिष्ठ राजनेताओं व सैन्य नेतृत्व से मिलकर रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने और मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया है। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट कर बताया कि 'बुधवार को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे व अन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान बातचीत दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर केंद्रित रही। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को सुनिश्चित करने को



लेकर कोलंबो सेक्योरिटी कान्क्लेव के संचालन में श्रीलंका की भूमिका को स्वीकार किया गया'। एडमिरल कुमार की मुलाकात प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने से भी हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों के महत्व पर चर्चा हुई, जिससे दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने में और मजबूती मिले। वहीं, भारतीय नौसेना ने गुरुवार को ट्वीट कर बताया कि 'नौसेना प्रमुख ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता जताई है। समुद्री क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के लिए साझा हित और संभावनाओं के समुद्री सुरक्षा मामलों पर उपयोगी चर्चा हुई'। उन्होंने श्रीलंका नौसेना के कमांडर वाइस एडमिरल निशांथा यू. से भी मुलाकात की।

# कंस वध, रुक्मणि विवाह आदि प्रसंगों का रोचक वर्णन किया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 93 स्थित श्रमिक कुंज प्रथम में आयोजित



श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा व्यास विनोद कृष्ण महाराज ने उद्धव चरित्र, कंस वध एवं रुक्मणि विवाह का रोचक वर्णन किया। भगवान कृष्ण और बलराम कंस के दरबार में प्रवेश करते हैं जहां मदमस्त हाथी को उनके ऊपर छोड़ दिया जाता है , भगवान उसका एक प्रहार से वध कर देते हैं। कंस द्वारा तमाम योद्धाओं को कृष्ण और बलराम को मारने के लिए भेज जाता है। कृष्ण और बलराम सभी को मारकर अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं। भगवान कृष्ण अभिमानी कंस के बाल पकड़ कर सिंघासन के नीचे गिरा देते हैं और उसके पापों की याद दिलाते हैं। कृष्ण अपने प्रहार से कंस का अंत कर देते हैं और अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं। अगले प्रसंग में विदर्भ के राजा भीष्म की पुत्री रुक्मणि ने नारद जी से कृष्ण की प्रशंसा सुनी और मन में कृष्ण को पति रूप में मान लिया। रुक्मणि का भाई रुक्मी कृष्ण से शत्रुता रखता था और वह रुक्मणि का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मणि ने एक ब्राह्मण से संदेश कृष्ण के पास भिजवाया। कृष्ण आए और शिशुपाल, जरासंध, रुक्मी और उनकी सेनाओं को परास्त कर रुक्मणि को अपने साथ ले गए और उनसे विवाह किया। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि बुधवार को कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, शुकदेव विदाई आदि प्रसंगों के साथ कथा का विश्राम होगा। इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, मुख्य यजमान श्यामानंद मिश्रा,पंडित महादेव शर्मा, पंडित महेश पाठक शास्त्री, रवि राघव, सुशील पाल, राजेश राघव, राजेश ध्यानी, बालेंद्र सिंह, महेंद्र कौशिक,संटू मिश्रा सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# वॉल पेंटिंग के माध्यम से दा अर्थ पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** द अर्थ पैराडाइज निठारी सेक्टर-31 स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर महत्व बताया तथा कई तरीके बताएं कैसे हम एनर्जी को सेव कर सकते हैं। विद्यालय के प्रबंधक घनश्याम अवाना ने सभी बच्चों



दीवारों पर पेंटिंग बनाई और यह संदेश दिया कि हमें एनर्जी को बचाना चाहिए। सेव एनर्जी, सेव अर्थ तथा सेव लाइफ का संदेश हमें जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य सुषमा अवाना ने सभी बच्चों को नेशनल एनर्जी कंजर्वेशन डे का से पोस्टर बनवाए तथा पोस्टर के माध्यम से कैसे एनर्जी को बचाया जा सकता है उनके विचारों को जाना। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे तथा करीब 100 बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# राम कथा सुनने से सबका का कल्याण होता है- महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** दिल्ली के अली पुर थाना प्रचीन शिव मंदिर पर चल रही भव्य श्री राम कथा के तीसरे दिन राम जन्म की कथा सुनाते हुए कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने बताया कि राम कथा राम कथा कहेंगे। भगवान शंभू को क्या रामकथा सुनाएंगे लेकिन भगवान शंभू ने रामकथा सुनी। इससे वह शंभू से महेश और महेश से महादेव बन गए, लेकिन माता सती का ध्यान राम कथा में न लगने से जगत की माता दक्षकुमारी एक साधारण लड़की बनकर लौट गईं।




बहुत ही कल्याण कारी होती है। राम कथा सुनने मात्र से ही मानव का कल्याण होता है। उन्होंने आगे कहा कि रामकथा सुनने से व्यक्ति का शारीरिक शुद्धिकरण होता है, साथ ही समस्त सांसारिक दुःखों से मुक्ति मिलती हैं। जो व्यक्ति जितनी बार राम कथा का श्रवण करेगा उसे उतना ही लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि एक बार त्रेतायुग में भगवान शंकर अगस्त ऋषि के आश्रम में माता सती को साथ लेकर गए। अगस्त रिषी ने भगवान शंकर को देख पूजा अर्चना की। आसान पर बैठाया। भगवान कथा को सुनने लगे। लेकिन भगवान शंकर के साथ गई सती का ध्यान कथा से भटक गया और उन्होंने अगस्त ऋषि को देख कहा कि यह साधारण से व्यक्ति क्या जो कथा ना सुनने का परिणाम है। संगीतमय रामकथा में मधुर वाणी से गुंजित राम भजनों ने श्रृद्धालुओं का बांधे रखा। कथा में तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे। यह कथा श्री राम सेवक संघ के आयोजन मे हो रही है। कथा से पूर्व प्रतिदिन आचार्यो द्वारा व्यास पूजन ,पोथी पूजन एवं आरती के साथ श्री गणेश होता है। यह कथा रोज दोपहर 1:30 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है। 21 दिसम्बर को कथा की पूर्णाहुति होगी तत्पश्चात आरती व्यास विदाई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आप सभी भक्त प्रेमियों से करवद्ध निवेदन है कि कथा पंडाल मे पहुँच कर धर्म लाभ अर्जित करे।

# आठ महीने से किसानों की बनी समस्या 48 घंटे में सुलझी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मैहर के बराखुर्द ग्राम पंचायत जहां पार पिछले आठ माह से 100 व्र का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था,जिसे लेकर किसानों ने कई बार नेताओं और अधिकारियों के चक्कर लगाए जाएगी,जानकारी मिलते ही श्रीचतुर्वेदी जी ने आनन फानन बिजली विभाग के अधिकारियों को कहां की हर हाल में 48 घंटे के अंदर किसानों की समस्या हल होनी चाहिए,अन्नदाता के मामले में किसी भी तरह की



लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रही, तब भोला प्रसाद गुप्ता ने यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकान्त चतुर्वेदी के कार्यालय तक पहुंचाई की अगर ट्रांसफॉर्मर नहीं लगा तो किसानों की सारी फसल चौपट हो लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बिजली विभाग भी मामले की गंभीरता को समझते हुए आज ट्रांसफार्मर लगा कर समस्या से निजात दिलाई, भोला प्रसाद गुप्ता समेत सभी किसानों ने श्री श्रीकांत चतुर्वेदी जी का आभार जताया।

# सामूहिक बलात्कार के आरोपियों को नादान देहात पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर भेजा गया सलाखों के पीछे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मामला देहात थाना क्षेत्र ग्राम कंचनपुर के पास स्थित कंचन ढाबा का है।घटना का विवरण-पीड़ित



परिवर्तित नाम कुछ भी जो दिनांक 20 एक 2022 को दोपहर 12:00 बजे से करीब अपने पति से विवाद कर मैहर से पैदल अपने बहन के घर लालपुर थाना अमरपाटन को रवाना हुई थी रास्ते में शाम हो जाने से शाम 6:00 बजे करीब कंचन ढाबा जो ग्राम कंचनपुर मोड़ के पास थाना देहात क्षेत्र में स्थित है पीड़ित उस ढाबा में खाना पीने को गई जहां ढाबा में काम कर रहे सनी उर्फ दिनेश साकेत पिता रामकिशन साकेत उम्र 30 वर्ष निवासी रगरा का पीड़ित को झांसे में लेकर ढाबे में काम देने को कहा और ढाबे में बने एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिया और रात्रि में करीब 11:00 बजे के आसपास पीड़ित के साथ जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार किया और दिन में अपने साथ धावे में काम करा कर कमरे में बंद कर लगातार 10 12 दिन करीब बलात्कार किया उसी बीच दिनांक 23 1122 को ढाबा का खाना बनाने वाले मिस्त्री लल्लू यादव पिता रामचरण यादव उम्र 28 वर्ष पहाड़ी रीवा हाल कंचनपुर धमाका भी पीड़ित के साथ सनी साकेत के साथ मिलकर प्रचार किया और उसके ठीक 3 दिन बाद ढाबा का मालिक राजेंद्र प्रसाद पटेल पिता धर्मदास पटेल उम्र 52 वर्ष जरियारी का यह जानते हुए कि पीड़ित गरीब आदिवासी महिला है वह भी धमकी देकर सनी साकेत के साथ बलात्कार किया करीबन 10:00 12 दिन बलात्कार की शिकार पीड़ित मौका पाकर भाग कर अपने घर में है जाकर 3 दिन बाद पति जब घर आया तो वह अपने पति को घटना की सारी बात बताई तथा पति के साथ थाना देहात में दिनांक 12 12 22 को रिपोर्ट की पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 410 बटा 22 धारा 376 376 2 एंड 342 344 305 तहत ही दिन एससी एसटी एक्ट की काय मी कर विवेचना कर अपराध प्रमाणित किए जाने से आरोपी गणों को दिनांक 13 1211 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में जेआर पर पेश कर दें और प्राप्त किया गया आरोपी का नाम पता नंबर वन सनी उर्फ दिनेश कुमार साकेत पिता राम किशुन साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी रीगा थाना देहात जिला सतना मध्य नंबर 2 लल्लू यादव पिता रामचरण यादव उम्र 28 वर्ष पहाड़ी रीवा हाल कंचनपुर कंचन ढाबा थाना देहात जिला सतना मध्य प्रदेश नंबर 3 राजेंद्र प्रसाद पटेल पिता धर्मदास पटेल उम्र 52 वर्ष जरियारी थाना देहात जिला सतना मध्य प्रदेश।

# सय्यद बाबू मियां साहब का उर्स पाक मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ब्यौहारी ।** दिन सोमवार को पीरे तरीकत रहबरे शरीयत सैय्यद अल्हाज मो. तौहीद कादरी ,बाबू मियां साहब,( रहमतुल्लाह अलैहे) का सुबह 7-40 में कुल शरीफ व फातेहा खानी हुई बाद तकरीर के जरिए लोगों को भाई चारे का पैग़ाम दिए। इजलसा के बाद 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे से (सामूहिक) इज्तेमाई खतना 34 बच्चों का करवाया गया जिसमें म.प्र. के जिला शहडोल, उमरिया, अनूपपुर,



नमाज़ जोहर 2-30 बजे पुरानी कयाम गाह मो0 अब्बास कादरी ठेकेदार के मकान से चादर शरीफ व गागर बस्ती का गस्त करते हुए दरगाह पहुंच कर चादर शरीफ पेश किया गया, मगरिब बाद 07 से जश्ने तौहीदी कॉन्फ्रेंस का आगाज़ हुआ रूहानी सरपरस्ती हुजूर सैय्यद तैय्यबुल कादरी रहमतुल्लाह अलैहे, जेरे सरपरस्ती पीरे तरीकत हजरत सैय्यद मो0 तमजीदुल कादरी साहब, जेरे सदारत मो0 अब्बास कादरी के निगरानी में प्रोग्राम कामयाब की मंजिल तक पहुंचा, दरगाह में हजारों की तादात में लोग अपनी माथा टेकने, मुरादें,तमन्ना लेकर आए सभी जायरीनों के लिए लंगर प्रसाद का माकूल इंतेज़ाम था,मुल्के हिंदुस्तान से मायनाज शायर एवं उल्माओं ने अपने रीवा, सतना, सीधी और कटनी, दिल्ली, जबलपुर जिले के बच्चे शामिल रहे, खतना के बाद 2 घंटे के बाद डाक्टर की सलाह से सभी बच्चे अपने अपने घर के लिए रवाना हो गए,सभी कार्यक्रम खुशी खुशी संपन्न हुआ,साथ ही पुलिस प्रशासन का भी बहुत अच्छा योगदान रहा, और अब्बास कादरी ने अपने कमेटी के तरफ से सभी कार्यकर्ताओं को आभार एवं मुबारकबाद पेश किया सदर इ मो. अब्बास कादरी ने सभी जायरीनों और अपनी कमेटी के लोगों का आभार व्यक्त किया, प्रोग्राम के बाद सैय्यद मो. तमजीद कादरी साहब ने तमाम हिन्दुस्तानियों के अमन चैन,भाई चारा सेहतमंदी व कोरोना महामारी के खात्मे के लिए दुआएं की।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यकारी अध्यक्ष संजय जैन के



कार्यालय 3- 386 सेक्टर 10 पर सुनील गुप्ता एनसीआर अध्यक्ष एवं चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मनोज गुप्ता नोएडा महानगर अध्यक्ष बीजेपी रहें। आज की बैठक जीएसटी विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वे एवं छापों से उद्यमियों एवं व्यापारियों में जो व्यापक भय और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था और उनके द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के संदर्भ में रखी गई थी। जिस को संज्ञान में लेते हुए मनोज गुप्ता ने कहा कि कुछ असामाजिक अराजक तत्व द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है की फलां फलां मार्केट में जीएसटी का छापा डाला जाएगा जिस कारण संपूर्ण मार्केट बंद हो जाती है। और राजस्व की हानि होती है परंतु ऐसा कुछ भी नहीं है यह जो छापे हैं यह सिर्फ और सिर्फ उन्हीं दुकानदारों के ऊपर डाले जा रहे हैं जो चिन्हित किए गए हैं और जीएसटी का कर अपवंचन कर रहे हैं और जीएसटी का पंजीकरण नहीं करवा रहे है। उन्होंने समस्त व्यापारी और उद्यमियों को आश्वस्त किया कि भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है एवं जीएसटी विभाग द्वारा कोई भी उत्पीड़न का मामला हो तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के या मेरे संज्ञान में तुरंत लाएं उसका उचित व तुरंत समाधान किया जाएगा, एवं उन्होंने यह भी कहा कि सांसद, विधायक व बीजेपी की सरकार, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी समस्त व्यापारियों के साथ हैं और समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है और तुरंत प्रभाव से किया जाएगा। इस बैठक में राधा कृष्ण गर्ग , सुरेश गुप्ता, उमेश त्यागी बीजेपी महासचिव, महासचिव सुधीर पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, संगठन महामंत्री मनोज गुप्ता, युवा अध्यक्ष अमित पोरवाल, अमित गोयल, विक्रम सेठी, राघव बंसल, राहुल भाटिया, संजय कोहली, विजय बजाज, धर्मवीर बंसल, सुरेंद्र गोयल, सुरेंद्र गर्ग, , सज्जन गोयल समय कई व्यापारियों और उद्यमियों ने इस बैठक में भाग लिया।

# जी एल बजाज इन्स्टीट्यूट कालेज मे मेन्टल हेल्थ कान्क्लेव का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट में मेंटल हेल्थ कान्क्लेव, 2022 का भव्य आयोजन किया गया। कान्क्लेव के विशेष सत्र में सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने मुख्य अथिति के रूप में भाग लिया। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड क्या वह स्थायी है। ड्रग्स के प्रयोग से स्थायी आनंद नहीं मिलता, लेकिन मैंने एक रास्ता ढूंढा है मैं अपने शरीर और मस्तिष्क को व्यवस्थित रखता हूं, जिससे मुझे स्थायी आनंद मिलता है मेरे पास क्या है, क्या नहीं है, इसका मुझ पर फर्क नहीं पड़ता मैं हमेशा स्वयं को आनंद में पाता हूँ। आप सभी जैसे होते हैं, उनमें सिर्फ 10 प्रतिशत भिन्नता होती है, जबकि मनुष्य 10 प्रतिशत एक से होते हैं और उनमें 90 प्रतिशत भिन्नता होती है। पशुओं को यह चुनने की क्षमता नहीं मिली हैं कि वे कैसे बने, जबकि मनुष्य में यह चुनने की शक्ति है कि वे इस 90 प्रतिशत में कैसे बनें। युवाओं में दिखा सद्गुरु की झलक पाने का




मैनेजमेंट के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सद्गुरु को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। छात्रों को संबोधित करते हुए सदगुरु ने कहा कि हमारा शरीर धरती पर सबसे जटिल रासायनिक फैक्ट्री है, यदि आप इसे व्यवस्थित करना सीख जाते हैं तो आपको आपके शरीर के भीतर से ही परमानंद की प्राप्ति होती है, जिसके सामने दुनिया में किसी भी शराब, ड्रग्स आदि से मिलने वाली अस्थायी खुशी बहुत तुच्छ है। यदि आप समझदार इंसान हैं तो अपने भीतर से आनंद की प्राप्ति का प्रयास करेंगे, जबकि यदि मूर्ख हैं, तो ऐसे नकारात्मक रसायनों का इस्तेमाल करेंगे, जिनका प्रयोग कर बहुत सारे लोग बर्बाद हो चुके हैं। यह देखा जाना चाहिए कि आप अपने आनंद के लिए जो कर रहे हैं, उसका आप पर क्या असर पड़ रहा है और जानते हैं कि इंजीनियरिंग का अर्थ है कि हमने जो एक समय में अच्छा किया, वह स्थायी रूप से बना रहे हमने पिछले 100 वर्षों में अपने बाहर की दुनिया में तो बहुत इंजीनियरिंग कर ली, जिससे हम बहुत सुविधासंपन्न भी बन गए हैं, लेकिन इसके बावजूद हम बहुत खुश नहीं है और ना ही सबसे प्रेम करने वाले बन पाए हैं। यदि आप कंप्यूटर या फोन का इस्तेमाल नहीं जानते तो वह आपके लिए परेशानी बन जाता है। इसी तरह अगर आप अपने शरीर और मस्तिष्क को चलाना भी नहीं जानते है तो उसका दुष्परिणाम खराब मानसिक स्वास्थ्य होता है। अब समय हैं कि हम अपने भीतर की भी इंजीनियरिंग करें, ताकि हम शरीर और मस्तिष्क का बेहतर प्रबंधन कर सकें और हमें स्थायी सुख मिले। सद्गुरु ने कहा कि सभी पशु 90 प्रतिशत एक जज्बा युवा वर्ग में सद्गुरु की लोकप्रियता का जज्बा देखने लायक था। छात्रों ने पूरे जोश और तालियों के साथ अभिवादन किया।सद्गुरु के विचारों को सुनने और एक झलक पाने लिए युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कालेज में उनके पहुंचते ही युवाओं में जोश भर गया। उनकी जयघोष करने लगे और फोटो खींचकर उन्हें अपने मोबाइल में कैद किया और सभी छात्रों ने आडिटोरियम में सद्गुरु की बातों को एकाग्र होकर सुना । युवाओं ने रखे विचार विभिन्न मुद्दों पर सद्गुरु द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर युवाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं ने सद्गुरु द्वारा मृदा संरक्षण पर कही गई बातों पर अमल करने का आश्वासन दिया। अंत में कालेज के छात्रों ने सद्गुरु के जीवन को नाटय प्रस्तुति के जरिये दर्शाया। जिसमें उनके जन्म, शिक्षा, गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी शादी करने सहित अन्य वृतांत दर्शाए।

# विंध्य को साधने की कोशिश शुरू रीवा में बनाया जाएगा एयरपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भोपाल।** अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने विंध्य क्षेत्र की उपेक्षा और नाराजगी को दूर करते हुए उसे साधने की कोशिश शुरू कर दी है। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में की गई कैबिनेट बैठक में रीवा में एयरपोर्ट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 99 एकड़ भूमि अधिग्रहित किए जाने की बात भी कही गई। गौरतलब है कि विंध्य क्षेत्र को मंत्रिमंडल में पर्याप्त प्रतिनिधित्व अभी तक नहीं मिला है, जिसे लेकर नेताओं की नाराजगी लगातार सामने आती रहती है।



# विक्रम वेधा एक्टर विजय का ट्रांसफॉर्मेशन देख हैरान हुए फैंस, पहली नजर में पहचानना हुआ मुश्किल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति उन स्टार्स में से हैं जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। बीते का काफी वक्त से मीडिया से दूर नजर आ रहे हैं। उन्हें पब्लिक अपीयरेंस करते नहीं देखा गया था, लेकिन अब उनकी जो तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है। उसे देखकर आपको यकीन झटका लगने वाला है। इस तस्वीर में विजय को पहचान पाना उनके फैंस के लिए काफी मुश्किल होगा। विजय सेतुपति ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में उनका लुक ही पूरा का पूरा बदला हुआ नजर आ रहा है। इस तस्वीर में उनके ट्रांसफॉर्मेशन को देखकर जहां फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, वहीं हैरान भी हैं। फोटो में विजय सफेद रंग की शर्ट पहने हुए मिरर में अपनी सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं। वहीं उनका क्लीन शेव उनपर काफी सूट कर रहा है। इस दौरान उनका वजन पहले से काफी कम नजर आ रहा है। खुद को फिट देखकर खुद विजय भी काफी खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ विजय ने कोई कैप्शन नहीं लिखा है। विजय ने अपना लुक किसी फिल्म के लिए बदला है या फिर यूं ही इस बात की ऑफिशियल इन्फॉर्मेशन उन्होंने नहीं दी है, लेकिन उनकी बॉडी के ट्रांसफॉर्मेशन को साफतौर से नोटिस किया जा सकता है।



विजय सेतुपति की इस तस्वीर को अब तक लाखों फैंस लाइक कर चुके हैं। वहीं इस पर कमेंट कर उनकी लगातार तारीफ भी कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'सर, आप हमेशा से ही स्मार्ट लगते हो।' वहीं एक दूसरा लिखता है, 'आपका अकाउंट हैक तो नहीं हो गया है। एक और यूजर ने कहा- 'क्या तो चेंज है। आप जैसा कोई नहीं। इस तरह के ना जाने कितने कमेंट्स विजय की इस तस्वीर पर आ रहे हैं।

# राणा के जन्मदिन पर पत्नी मिहिका ने शेयर की एक्टर के बचपन की तस्वीरे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'बाहुबली' के भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती आज 14 दिसंबर को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन को सेलिब्रेट करते हुए उनकी बेटर हाफ मिहिका ने अपने



इंस्टाग्राम हैंडल पर बर्थडे स्टार के बचपन से लेकर कुछ और हाल की तस्वीरों को पोस्ट कर जन्मदिन की बधाई दी है। मिहिका ने अपने इंस्टाग्राम पर राणा दग्बुबाती 7 अलग अलग तस्वीरे शेयर की है। इन फोटो में राणा का बचपन भी नजर आ रहा है। इसी पोस्ट में उन्होंने खास कैप्शन भी लिखा- सबसे प्यारे बच्चे को जन्मदिन मुबारक हो, सबसे अच्छा दिखने वाला आदमी... देखो वह कितना खूबसूरत है! मेरे जीवन में आपके द्वारा लाए गई सभी खुशी के लिए धन्यवाद! मैं ढूंढ रही थी एक पति, लेकिन इसके बजाय मुझे एक सबसे अच्छा दोस्त मिला। आई लव यू बेबी...आपके लिए मेरे प्यार की कोई सीमा नहीं है.. इसलिए अब आप पागलों के साथ फंस गए हैं जीवन भर के लिए... आने वाला साल बेहतरीन हो और आपके सभी सपने सच हों। राणा और मिहिका की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। इस कपल ने साल 2020 में शादी रचाई थी। एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुलासा किया था कि एक दूसरे को काफी समय से जानते थे और फिर उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। लॉकडाउन में हमारी बात हुई और मुझे लगा कि हां यही सही है। जब भी कुछ अच्छी चीज होती है, तो मैं ज्यादा कुछ सोचता नहीं हूं।

# घुटनों के बल बैठ अमिताभ बच्चन ने इस बच्चे को पहनाए जूते सादगी देख हो जाएंगे मुरीद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में अक्सर कंटेस्टेंट्स के साथ मस्ती करते हुए नजर आते हैं। केबीसी में देश के कोने-कोने



से कंटेस्टेंट अपनी किस्मत आजमाने आते हैं और साथ ही कुछ अनोखी कहानियां भी अपने संग ले आते हैं। इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति में जूनियर स्पेशल एपिसोड देखने को मिल रहे हैं। शो के हलिया एपिसोड में बिग बी अपने एक नन्हे कंटेस्टेंट से इतने इंप्रेस हो गए कि वह उसके लिए घुटने के बल बैठ गए। कौन बनेगा करोड़पति 14 के किड्स स्पेशल में अमिताभ बच्चन ने शो के नए कंटेस्टेंट्स को इंट्रोड्यूस कराया और फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड कराया। इस राउंड को सबसे पहले 9 साल के अंशुमन पाठक ने जीता और वे बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे। अंशुमन ने बिग बी से शो के दौरान खूब बातें की और बताया कि बड़े होकर वह गेम डेवलपर बनना चाहते हैं। अंशुमन मेगास्टार के लिए एक कार्ड भी लेकर आए, जिसमें बिग बी के लिए एक प्यार भरा मैसेज लिखा था। अंशुमन पाठक ने बातचीत में अमिताभ बच्चन को बताया कि एक बार वह एक्टर से मिलने के लिए उनके बंगले के बाहर गए थे और घंटों इंतजार किया, लेकिन वह बाहर नहीं आए। इस पर बिग बी ने कहा कि अगर आप मुझे पहले इंफॉर्म कर देते कि आप आने वाले हैं तो मैं आपसे मिलने बाहर जरूर आता। अंशुमन ने शो में बिग बी से उनका फोन नंबर भी मांगा। इस पर बिग बी ने कहा कि वह बाद में अपना नंबर जरूर देंगे। अमिताभ बच्चन ने जब अंशुमन से 3 लाख 20 हजार का सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि वह आगे बढ़ने से पहले श्लोक पढ़ना चाहते हैं। श्लोक पढ़ने से पहले नन्हें अंशुमन ने अपने जूते उतारे, जिसे देखकर अमिताभ बच्चन बेहद इंप्रेस हुए। श्लोक पढ़ने के बाद जब अंशुमन अपने जूते पहनने लगे तो बिग बी अपनी कुर्सी से उतरकर नीचे आए और अंशुमन को जूते पहनने में मदद करने लगें। अंशुमन ने उन्हें मना करते हुए कहा कि वह खुद जूते पहन लेंगे, लेकिन बिग बी उससे इतने इंप्रेस थे कि मना करने के बाद भी उन्होंने अंशुमन की हेल्प की।

# गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में नॉमिनेशन के लिए प्रियंका चोपड़ा ने रामचरण और जूनियर एनटीआर को दी बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एस एस राजामौली, रामचरण, आलिया भट्ट के साथ इस वक्त आरआरआर के मेकर्स की खुशी सातवें आसमान पर है। और ग्लोबल आइकॉन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने भी आरआरआर की पूरी टीम को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड 2023 के लिए बधाई दी।प्रियंका चोपड़ा ने आरआरआर टीम को



इस फिल्म को ग्लोबल स्तर पर दर्शकों का खूब प्यार मिला ही रहा है, लेकिन इसके अलावा तेलुगु फिल्म 'आरआरआर' साल 2022 की एक अकेली ऐसी इंडियन फिल्म है, जिसे साल 2023 में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के दुनियाभर में मिल रहे सम्मान से बॉलीवुड इंडस्ट्री भी काफी खुश नजर आईं। बॉलीवुड की देसी गर्ल बधाई देते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने आरआरआर मेकर्स द्वारा पोस्ट को शेयर करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रियंका ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड के साथ आरआरआर का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'एस एस राजामौली, जूनियर एंटीआर, रामचरण और आलिया भट्ट सहित पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई।

# फीफा वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल देखने पहुंची अनन्या पांडे, अपने फेवरेट खिलाड़ी को देख खुशी से झूमी एक्ट्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इन दिनों आमजन से लेकर फिल्मी सितारों में भी फीफा वर्ल्ड कप का क्रेज देखने को मिल रहा है। हमारे बॉलीवुड सेलेब्स भी इसके बहुत बड़े फैन हैं, जिसके चलते इन दिनों एक्ट्रेस अनन्या पांडे कतर एयरवेज और सरकार द्वारा सेमीफाइनल के मैच में आमंत्रित किया गया था। मैच देखने अनन्या पापा शनाया कपूर को भी साथ में ले गई। चंकी पांडे फुटबॉल मैच के जबरदस्त फैन हैं। अनन्या और शनाया ने अर्जेंटीना और क्रोएशिया साथ उन्होंने बताया की वह उस पल को कितना मिस कर रही हैं। अनन्या के इस पोस्ट में साफ देखा जा सकता है कि वह अपनी आंखों के सामने अर्जेंटीना बनाम क्रोएशिया मैच को लाइव देखते हुए कितनी खुश हुई। इस दौरान एक्ट्रेस ने फुटबॉलर डेविड



भी अपना पसंदीदा टीम के खेल को देखने कतर जा पहुंची। सेमीफाइनल के दौरान अनन्या अकेली नहीं बल्कि उनके पापा और उनकी दोस्त भी उनके साथ पहुंचे। इसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस को के बीच खेले गए मैच के खूब मजे लिया। इस फोटो में संजय कपूर के हाथ अर्जेंटीना की जर्सी नजर आ रही है। तो वहीं अनन्या भी अर्जेंटीना की जर्सी पहने हुए पोज देती नजर आ रही हैं। मैच देखने के बाद अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की। इसी के बेखम की भी एक झलक शेयर की है। बता दें अनन्या अर्जेंटीना का समर्थन कर रही थी। एक्ट्रेस जल्द आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आएंगी। अगले साल ईद में रिलीज होने वाली है। 29 जून 2023 को एक बार फिर से पूजा आ रही है।

# अवॉर्ड फंक्शन में कटरीना कैफ का लुक देख लोगों के उड़े होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड की ब्यूटी कटरीना कैफ (ख्रूर्हे र्ख़्रे) ने बीते साल एक्टर विक्की कौशल (ऋम्ब्र् र्र्ल्र्प्त्) 9 दिसंबर को राजस्थान में शादी रचाई थी। हाल ही में इस कपल ने उटी में अपना पहली वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट की थी। जब से कटरीना कि शादी हुई है तब से कई बार उनके प्रेग्नेंसी की खबरे सामने आई है। एक बार कुछ ऐसा ही हुआ है। दरअसल, मंगलवार को कटरीना कैफ मुंबई में हुए एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने सिल्वर कलर का खूबसूरत गाउन पहना था फिल्मी गलियारों में इन दिनों प्रेग्नेंसी की खबरों ने हल्ला मचाया हुआ है। सोनम, आलिया और बिपाशा के मां बनने के बाद अब फैंस के फेवरेट कपल कटरीना और विक्की कौशल की गुड न्यूज का इंतजार है। हाल ही में जब कटरीना अवॉर्ड फंक्शन में स्पॉट हुईं तो उनके ड्रेसिंग सेंस को देख लोगों ने सोशल मीडिया पर कयास लगाने शुरू कर दिए हैं। एक्ट्रेस का ये लुक देख सोशल मीडिया पर यूजर को लगने लगा है कि ये तो पक्का प्रेग्नेंट हैं। एक्ट्रेस का ये लुक देख सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- कटरीना प्रेग्नेंट लग रही है। तो वहीं दूसरे ने लिखा-



गुड न्यूज बेबी आ रहा है। तीसरे ने लिखा- क्या ये प्रेग्नेंट है..??। एक्ट्रेस के इस लुक को देख लोगों को फिर से लगने लगा है कि कटरीना प्रेग्नेंट हैं और ऐसे कपड़ों में अपना बेबी बंप छुपाने की कोशिश कर रही हैं। खैर ये पहली बार नहीं है जब कटरीना को देखकर लोगों को लगा हो की ये प्रेग्नेंट हैं। इससे पहले भी कटरीना जब लंबे समय से मीडिया की नजरों से दूर थीं, तब भी फैंस तो लगा था कि वो प्रेग्नेंट हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना हाल ही में फिल्म फोन भूत में दिखाई दी थी। इस फिल्म में उनके साथ ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आए थे। पर्दे पर फिल्म फ्लॉप साबित हुई। वहीं साल 2023 में कैट सलमान खान के साथ टाइगर 3 में नजर आएंगी। इसके अलावा आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा संग जी ले जरा में भी दिखाई देंगी।

# शांतनु महेश्वरी से लेकर पार्थ समथान तक, इस साल टीवी के इन कलाकारों ने शुरू किया ओटीटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हमने अक्सर कई टीवी सितारों को डेली सोप या फिर रियलिटी शो में परफॉर्म करते देखा है। कई बार ऐसा भी होता है कि छोटे पर्दे का कोई कलाकार अपने करियर ग्रोथ के लिए बड़े पर्दे का रुख करता है। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत हों या फिर 'सीता रामम' की मृणाल ठाकुर, इस तरह के टैलेंटेड एक्टर्स ने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे पर भी अपनी अदायगी का दमखम सबसे ज्यादा है। एक्टिंग के साथ-साथ डांस के लिए भी फेमस शांतनु की डेब्यू मूवी इस साल आई संजय लीला भंसाली की निर्देशक 'गंगूबाई काठियावाड़ी' थी। इस मूवी में उन्होंने आलिया भट्ट के लव इंटरेस्ट का रोल प्ले किया था। बिग बॉस 14 की विनर और टीवी इंडस्ट्री की 'छोटी बहू' रूबीना दिलैक ने इस साल 'अर्ध' मूवी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। इस मूवी में उनके साथ राजपाल यादव, कुलभूषण खरबंदा



दिखाया है। टीवी एक्टर्स का फिल्मी पर्दे पर जादू बिखेरने में एक नाम मोनी रॉय का भी आता है। इस साल उनकी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' रिलीज हुई थी। हालांकि 'ब्रह्मास्त्र' उनकी डेब्यू मूवी नहीं थी। उनकी डेब्यू मूवी 'रोमियो अकबर वाल्टर' थी, जिसमें उन्होंने कैमियो किया था। इसी कड़ी में जानेंगे उन कलाकारों के नाम जिन्होंने 2022 में फिल्मी पर्दे या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू किया। छोटे पर्दे के कलाकारों में सबसे पहला नाम आता है शांतनु महेश्वरी का। शांतनु टीवी की दुनिया के बहुत ही चर्चित नाम हैं। उनकी लोकप्रियता यूथ जेनरेशन के बीच और हितेन तेजवानी जैसे दिग्गज अभिनेताओं ने अभिनय किया है। रुबीना छोटे पर्दे की बहुत ही फेमस एक्ट्रेस हैं। यह फिल्म बड़े पर्दे पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन रुबीना की ऐक्टिंग की बहुत तारीफ हुई। फिल्म में उनके किरदार का नाम मधु था। 'ये है आशिकी' से सबको अपनी एक्टिंग का आशिक बनाने वाले पार्थ समथान ने 'कसौटी जिंदगी की 2' में अनुराग का रोल किया। जिसके बाद उनके करियर को ग्रोथ मिली उन लोगों ने उन्हें इस सास बहू सीरियल में भी पसंद किया। अपने किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते हुए पार्थ ने बॉलीवुड मूवी का रुख किया।

# भोपाल की ब्यूटी क्वीन ने जब झेली आर्थिक तंगी, टूथपेस्ट के डिब्बे बेचकर किया गुजारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिव्यांका त्रिपाठी छोटे पर्दे का बेहद ही पॉपुलर चेहरा है। एक्ट्रेस पिछले कई सालों से टीवी इंडस्ट्री जुड़ी हुई हैं और अब तक कई सुपरहिट ड्रामा सीरियल्स का हिस्सा रह चुकी हैं। भोपाल जैसे ऐसा समय था जब खुद को यह याद दिलाते रहना है कि हार नहीं माननी है, यह बुरा वक्त कट जाएगा और बस पैसे कमाने के लिए अलग-अलग तरीके ढूंढने हैं।दिव्यांका त्रिपाठी ने 'बॉलीवुड बबल' को दिए इंटरव्यू में कहा था कि आप जैसे सोचती थी कि मुझे किसी भी तरह का काम चलेगा, 2000 रुपये, 5000 रुपये, कुछ भी मिले। बस महीने के अंत में मेरा राशन आ जाए, मैं कमरे का किराया भर लूं। उस वक्त मेरे पास एक कुत्ता भी था। उसके लिए खाना अरेंज



छोटे शहर से आई दिव्यांका भले ही आज एक लोकप्रिय स्टार हो, लेकिन उन्होंने अपनी जिंदगी में यह मुकाम एक कठिन रास्ते पर चलकर हासिल किया है। यहां तक कि दिव्यांका ने ऐसे भी दिन देखे हैं जब काम न होने पर वह पाई-पाई की मोहताज हो गई थीं। आज 14 दिसंबर को एक्ट्रेस अपना 38वां जन्मदिन मना रही है। इस खास दिन पर जानते है उनसे जुड़ी कुछ खास बातें... दिव्यांका त्रिपाठी ने मुंबई जैसे महंगे शहर में अपने सर्वाइल के लेकर एक इंटरव्यू में बताया था कि एक ऐसा भी समय था जब उनके पास काम नहीं था और वह आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह एक ही एक शो खत्म करते है तो आपका स्ट्रगल फिर से शुरू हो जाता है। एक ऐसा भी वक्त था जब मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं थे और मुझे अपनी ईएमआई और बिल जैसी चीजें भरनी थी। इसके बाद एक-एक कर कई जिम्मेदारियां आती चली गई। यह कभी भी अच्छा नहीं होता है, लेकिन आपको अपनी उम्मीदें ऊंची रखनी है और याद दिलाना है कि ऐसा हमेशा नहीं रहने वाला है, इससे निकलने के लिए आपको कोशिश करते रहना है और इसी चीज ने मेरे सर्वाइवल में मदद की है। दिव्यांका ने कहा, आर्थिक तंगी से जूझते वक्त मैं बस अपने सर्वाइवल के बारे में सोचती थी। मैं सिर्फ करना, उसका बिल चुकाना...इस तरह मैं रोज कई स्ट्रगल देखती थी। पैसे के तंगी से जूझती दिव्यांका ने बताया कि वह पाई-पाई जोड़ने की कोशिश करती थीं। एक-एक रुपया जोड़ने के लिए उन्होंने कई तरकीब निकाली। यहां तक कि वह टूथपेस्ट के खाली डिब्बे इकट्ठा करने लगीं और फिर उन्हें बेचकर उनसे पैसे कमाती थीं। बुरे वक्त में खुद को संभालने की बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा था कि आर्थिक तंगी किसी को भी झेलनी पड़ सकती है, लेकिन आपको हार नहीं माननी है और आपको बस पैसे कमाने के तरीके ढूंढने होंगे। आपको दिमाग से काम लेना होगा।

# 'दृश्यम 2 ' की श्रिया सरन ने प्रेग्नेंसी के 9 महीनों बाद घटा लिया था इतना वजन कहा- डर था कि कहीं काम न मिले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री श्रिया सरन इन दिनों फिल्म 'दृश्यम 2' की सक्सेस को लेकर लाइमलाइट लूट रही हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। हालांकि, थिएटर में फिल्म अब कुछ ही दिनों की मेहमान है, लेकिन लोगों में इसकी दीवानगी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। इस बीच फिल्म की लीड एक्ट्रेस श्रिया सरन एक और वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी एंड्रीव कोसचीव के साथ 19 मार्च, 2018 को शादी कर ली थी। अभिनेत्री की राधा नाम की एक प्यारी सी बेबी है, जिसके बारे में उन्होंने पिछले साल जानकारी दी थी। इस बीच जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर क्यों कई महीनों तक छिपा कर रखी थी। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, श्रिया सरन ने बताया कि वह गर्भवती होने का पूरा आनंद लेना चाहती थीं। वह मोटी होना चाहती थीं यानी कि गर्भावस्था के दौरान जो मोटापा चढ़ता है, वह



एक जानकारी शेयर की है। उन्होंने बताया कि क्यों उन्होंने अपने गर्भवती होने की जानकारी छिपा कर रखी थी। श्रिया सरन ने रशियन प्रेमी उसे एंजॉय करना चाहती थीं। वह पूरे छह महीने अपनी बेटी राधा के साथ बिताना चाहती थीं बिना इस बात की फिक्र किए कि लोग उनके बारे में क्या लिखेंगे। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्हें डर था कि अगर यह बात सामने आई कि वह प्रेग्नेंट हैं, तो उन्हें पहले जैसा काम मिलने में देरी होगी। उनके गर्भवती होने की खबर सामने के बाद लोग उन्हें काम देने में उतना ही समय लेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक तरह का विजुअल मीडियम है। लोग आपसे एक तरह के काम की उम्मीद करते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः**- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।